हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 8, अंकः 64, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 1 सितम्बर, 2023 दिन शुक्रवार गाजीपुर/वाराणसी

## 'मोदी जी आपके कारण हम चांद पर पहुंचे' नन्हीं बच्ची के सवाल पर हंसते हुए बोले पीएम

### मैंने नहीं हमारे देश के वैज्ञानिकों ने देश को चांद तक पहुंचाने का काम किया

नई दिल्ली। देशभर में आज रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जा रहा है। इस बार रक्षाबंधन भी दो दिन मनाया गया। जो लोग कल नहीं मना सके वो आज इस पवित्र त्योहार को मना रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी बुधवार को अपने आवास 7 लोक कल्याण मार्ग पर हर बार की तरह बच्चों के साथ इस रक्षाबंधन को मनाया।

**पीएम को बच्चों ने बांधी अलग-अलग राखी**- पीएम मोदी ने हर बार की तरह इस बार भी स्कूली बच्चियों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। छोटी-छोटी बच्चियों ने पीएम की कलाई पर राखी बांधी तो पीएम काफी खुश दिखे। बच्चों ने पीएम के साथ खास बातचीत भी की और कई सवाल भी पूछे।

**पीएम को चंद्रयान 3 की सफलता का श्रेय**- पीएम को राखी बांधते हुए एक छोटी बच्ची ने कहा कि पीएम मोदी हम आपकी वजह से चांद पर पहुंचे, तो पीएम ने बच्ची से हंसते हुए कहा कि मैंने नहीं हमारे देश के वैज्ञानिकों ने देश को चांद तक पहुंचाने का काम किया है।



**पीएम को बच्चों ने सुनाया गाना**- पीएम मोदी को बच्चों ने राखी बांधते हुए कई सवाल तो पूछे ही उन्होंने पीएम को गाना भी गाकर सुनाया। एक छात्रा ने कविता भी सुनाई, जिसमें बताया गया कि कैसे एक नन्हा बालक गुजरात के छोटे गांव से निकलकर देश का पीएम तक बन गया। आज वही नन्हा बालक दुनिया में देश का मान बढ़ा रहा है। पीएम से बात करते हुए एक स्कूली छात्रा ने कहा कि चंद्रयान की सफलता पर उनके स्कूल में लड्डू बांटे गए, तो पीएम इसे सुनकर हंसने लगे।


**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बंधवाई राखी तो बच्चियों का खिला चेहरा, सामने आया वीडियो**- प्रधानमंत्री मोदी ने कल दिल्ली में बच्चों के साथ रक्षाबंधन का त्योहार बनाया। विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने प्रधानमंत्री मोदी को राखी बांधी। इस दौरान बच्चों से मिलकर पीएम मोदी बहुत खुश दिखे। वहीं बच्चे भी प्रधानमंत्री को अपने बीच पाकर काफी खुश दिखाई दिए। इस दौरान बच्चों ने नारे भी लगाए। पीएम मोदी ने दिल्ली के सात, लोक कल्याण मार्ग पर बच्चों के साथ रक्षाबंधन मनाया। इस दौरान बच्चे तो उत्साहित दिख ही रहे थे, वहीं पीएम मोदी भी उन्हीं के रंग में रंगे दिखाई दिए। बच्चों ने पीएम को कविता सुनाई। इतना ही नहीं, बच्चों ने पीएम मोदी के आते ही जय भारत माता की नारे लगाना शुरू कर दिए। वहीं, पीएम ने बच्चों से बात भी की। उन्होंने पूछा राखी कौन- कौन लाया है? इस पर सभी बच्चे बोले हम लाए हैं। पीएम ने कहा राखी किसे बांधेंगे? बच्चियों ने कहा आपको। इसके बाद सभी बच्चों ने राखी बांधी और उनसे बात की। इसका एक वीडियो भी सामने आया है। इससे पहले बुधवार को प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर बधाई दी। उन्होंने लिखा कि मेरे सभी परिवारजनों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं। बहन और भाई के बीच अटूट विश्वास और अगाध प्रेम को समर्पित रक्षाबंधन का ये पावन पर्व, हमारी संस्कृति का पवित्र प्रतिबिंब है। मेरी कामना है, यह पर्व हर किसी के जीवन में स्नेह, सद्भाव और सौहार्द की भावना को और प्रगाढ़ करे।

## 'जम्मू-कश्मीर में जल्द हो सकते हैं चुनाव', अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान केंद्र ने दिया भरोसा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में अनुच्छेद 370 पर सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर बड़ा बयान आया है। केंद्र ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही कभी भी चुनावों का एलान किया जा सकता है। केंद्र ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में तीन चुनाव बाकी हैं। जैसे ही पहला त्रिस्तरीय पंचायती राज सिस्टम लाया जाएगा, वैसे ही पहले चुनाव पंचायत के होंगे। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि लेह हिल डेवलपमेंट काउंसिल के चुनाव खत्म हो चुके हैं और कारगिल में सितंबर में चुनाव होने हैं। केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि वह जम्मू-कश्मीर को वापस राज्य का दर्जा देने की समयसीमा नहीं बता सकता। हालांकि, केंद्र ने साफ किया कि जम्मू-कश्मीर का केंद्र शासित प्रदेश का दर्जा अस्थायी है और इसे पूर्ण राज्य का दर्जा देने के लिए कार्यवाही की जा रही है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ से कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव पर निर्णय भारत निर्वाचन आयोग और राज्य चुनाव आयोग को लेना है। मेहता ने पीठ को बताया कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव तीन स्तरों पर होंगे- पहला पंचायत चुनाव, दूसरा नगर निकाय चुनाव और फिर विधानसभा स्तर पर चुनाव होगा।

## 'चंद्रयान 3 की सफलता के बाद हर कोई कह रहा था, भारत ने कर दिखाया', ब्रिक्स समिट के पलों को याद कर बोले जयशंकर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक सम्मेलन में अपने संबोधन के दौरान चंद्रयान 3 की लैंडिंग के दौरान जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में अपने अनुभव को याद करते हुए कहा कि भारत ने पूरी दुनिया को प्रेरित किया है। दरअसल, जिस दिन दक्षिण अफ्रीका में ब्रिक्स सम्मेलन का आयोजन किया गया था, उसी दिन चंद्रयान 3 को चांद के सतह पर लैंड होना था। इस पर बात करते हुए विदेश मंत्री ने कहा, "ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, हम शारीरिक रूप से वहां मौजूद तो थे, लेकिन मानसिक रूप से हम बेंगलुरु में थे। पूरे समय पीएम और हमारे मन में केवल चंद्रयान का ही ख्याल आ रहा था।" उन्होंने कहा, "उस शाम चर्चा का एक ही विषय था, जो चंद्रयान की लैंडिंग था। वह दिन मेरे लिए सबसे भरा रहा था, क्योंकि सभी नेताओं की यह भावना थी कि भारत ने यह कर दिखाया है।" इस सम्मेलन में एस जयशंकर ने कहा, "हमने इंटरनेशनल सोलर अलायंस के माध्यम से सौर ऊर्जा को लेकर पूरी दुनिया की सोच बदल दी है। आज हम इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स के माध्यम से दुनिया की खानपान की आदतों को बदलने की भी कोशिश कर रहे हैं। हमने आपदा प्रतिक्रिया के गठबंधन के माध्यम से आपदाओं से निपटने का



एक सामूहिक तरीका बनाया है।" उन्होंने कहा, "भारत एक जगह है, एक देश है, जिसे आज जिम्मेदार के रूप में देखा और पहचाना जाता है, जिसे नई सोच रखने वाले की तरह देखा जाता है। खासतौर पर भारत को वैश्विक प्रगति को आगे बढ़ाने वाले के रूप में देखा जाता है।" विदेश मंत्री ने कहा, "आज सभी लोग 2023 को भारत के लिए एक बड़े वर्ष के रूप में देखते हैं। एक ऐसा वर्ष, जब हमारी G20 की अध्यक्षता ने दुनिया में हमारी पहचान को ही पूरी तरह से बदल दिया और एक अलग स्थान पर खड़ा किया है। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा, "संयुक्त राष्ट्र का गठन 1940 के दशक में हुआ था। तब संयुक्त राष्ट्र के 50 सदस्य देश थे और अब इसमें 200 से अधिक शामिल हैं। जनसंख्या के हिसाब से दुनिया के सबसे बड़े देश और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को इससे अलग नहीं रखा जा सकता और अगर इसे बाहर रखा गया तो संयुक्त राष्ट्र की विश्वसनीयता पर सवाल उठेंगे।" दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के एक कार्यक्रम में बोलते हुए, जयशंकर ने महामारी के दौरान भारत की सफलता की जानकारी भी साझा की और कहा कि भारत ने कई देशों को टीके उपलब्ध कराकर उनकी मदद की। विदेश मंत्री ने रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर कहा, "यूक्रेन-रूस संघर्ष आज ईंधन की लागत, खाद्यान्न की उपलब्धता और कीमतों, उर्वरकों की पहुंच और कीमत में समस्याएं पैदा कर रहा है। यह वैश्विक अर्थव्यवस्था में मुद्रास्फीति की स्थिति बना रहा है।"

## आत्महत्या करने वाले बर्खास्त कंडक्टर के परिवार से मिले अखिलेश यादव, बोले- भाजपाई बीमार नहीं समझदार बनें

मैनपुरी। उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में एक बर्खास्त कंडक्टर मोहित यादव ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली थी। उसके परिवार के लोगों ने सैफई जाकर सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात की। इस पर अखिलेश ने उन्हें ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। उनके साथ कानूनी लड़ाई में सहयोग करने का भी आश्वासन दिया। मोहित के मृतक के भाई रोहित, मनोज कुमार, पत्नी रिंकी, पुत्र शिवांश, मां सुषमा देवी, पिता राजेंद्र सिंह गुरुवार की सुबह सैफई पहुंचे। यहां उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात करके बेटे की आत्महत्या की बात बताई। इस पर सपा मुखिया ने उन्हें सांत्वना दिया। हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष आलोक, एमएलसी मुकुल यादव, नगर पंचायत केरल के अध्यक्ष अब्दुल नईम भी साथ रहे। अखिलेश यादव ने ट्विटर (एक्स) पर मैसज लिखते हुए कहा कि, 'उप्र परिवहन से निलंबन के सदमे के कारण आत्महत्या करने पर मजबूर हुए स्व. मोहित यादव के परिजनों से मिलकर उनका दुख बांटा। हर हालात में उनके साथ खड़े रहने व हर तरह से मदद करने का सच्चा आश्वासन दिया'। उन्होंने आगे लिखा कि, 'इस बारे में बस इतना और कहना है कि भाजपा के नेता, उसके कार्यकर्ता, समर्थक और मतदाता इतना बताएं कि क्या ये सब जायज है। इतनी घृणा दिलों में रखने से भाजपाई क्या खुद को बीमार नहीं कर रहे हैं। अगर किसी के दुख से भाजपाइयों को सुख मिल रहा है, तो ये आदत एक दिन भाजपाइयों को अपनों से भी दूर कर देगी'। 'भाजपाई बीमार न बनें, समझदार बनें'!



## प्रयागराज में खीरी के बाद अब बारा में युवक की पीटकर हत्या पर मचा बवाल, सड़क पर उतरे ग्रामीण




प्रयागराज। यमुनानगर के खीरी इलाके में स्कूल से घर लौट रहे छात्र की पीटकर हत्या का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ कि गुरुवार को बारा इलाके के सुंदरपुर गांव में 27 वर्षीय चंद्रशेखर भारतीय को बेरहमी से मार डाला गया। बताया गया कि चंद्रशेखर खेत की तरफ गया था, जहां उसे लाठी डंडे से पीटा गया। चंद्रशेखर ने सुंदरपुर चौराहे पर एक गुमटी लगा रखी थी, जिसे तोड़ दिया गया था। इसी वजह से दो पक्षों के बीच तनाव बना हुआ था। युवक की हत्या का पता चलने पर दोपहर में आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर उतर आए और यातायात बाधित कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। सड़क पर जमा ग्रामीण हत्या के आरोपितों को उनके सामने लाने की मांग कर रहे हैं। मौके पर एसीपी बारा सहित कई थानों की पुलिस फोर्स है। गुस्साए ग्रामीणों को समझाकर शांत करने का प्रयास किया जा रहा है। खीरी के बाद अब बारा इलाके में बवाल बढ़ने से पुलिस अधिकारी भी परेशान हैं। एक दर्जन थानों की पुलिस फोर्स को घटनास्थल पर रवाना कर दिया गया है।

## भाजपा नेता ने चांद पर खरीदी जमीन : बोले- हमारा बेटा चांद जैसा, उसी के नाम कराई एक एकड़ भूमि की रजिस्ट्री

बरेली। इसरो ने चांद पर तिरंगा फहराया है। जब से चांद पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग हुई है, तब से नई नई जानकारी सामने आ रही हैं। भविष्य में अगर सबकुछ ठीक रहा तो चांद पर जीवन की खोज हो सकती है। इस बीच बरेली के एक भाजपा नेता ने चांद पर एक एकड़ जमीन खरीदने का दावा किया है। दरअसल, चंद्रयान 3 की लैंडिंग से पहले ही दो विदेशी कंपनियां चांद पर जमीन बेचने का काम कर रही हैं।

आंवला तहसील क्षेत्र के गांव शेखुपुर खालसा निवासी प्रॉपर्टी डीलर ओम सागर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला महामंत्री हैं। चंद्रयान-3 की लैंडिंग के बाद भाजपा नेता ओम सागर ने चांद पर एक एकड़ जमीन खरीदने का दावा किया है। ओम सागर ने बताया कि उनका एक बेटा है, जिसका नाम नमाय सागर है। बेटा मेरे लिए चांद का टुकड़ा है,



इसलिए मैंने उसके लिए ही चांद पर लेक ऑफ ड्रीम के पास एक एकड़ जमीन खरीदी है। भाजपा नेता ने बताया कि लूना सोसायटी इंटरनेशनल चांद पर जमीन बेच रहा है, जिससे हमने रजिस्ट्री कराई है। उनकी पत्नी रेखा सागर ने बताया कि हमारे लिए बेटा चांद के टुकड़े जैसा है, इसलिए उसे चांद का टुकड़ा तोहफे में दिया है। हमारे मां बाप ने हमारे लिए जो भी किया, उसी तरह हम अपने बेटे के लिए करना चाहते हैं। हम उसको इतना काबिल बनना चाहते हैं कि वह खुद एक दिन चांद तक जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दुनिया में दो ऐसी कंपनियां हैं, जो चांद पर जमीन बेचने काम करती है। इनमें पहली है कंपनी लूना सोसायटी इंटरनेशन है। दूसरी कंपनी इंटरनेशनल लूनर लैंड्स रजिस्ट्री नाम से हैं। ये दोनों कंपनियां दुनिया भर के लोगों को चांद पर जमीन बेच रही हैं। सबसे बड़ी बात की भारतीय लोग भी चांद पर जमीन खरीद रहे हैं। चंद्रयान 3 की लैंडिंग के बाद इसका क्रेज और बढ़ा है।

## 'मानो कोई बच्चा चंदामामा के आंगन में...', ISRO ने चांद पर घूमते रोवर का नया वीडियो किया जारी

नई दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सुरक्षित मार्ग की तलाश में रोवर को घुमा दिया है। इस घुमाने की प्रक्रिया को लैंडर इमेजर कैमरे द्वारा कैद किया गया है। इसरो ने इसका वीडियो भी साझा किया है। साथ ही लिखा कि ऐसा महसूस होता है मानो कोई बच्चा चंदामामा के आंगन में अठखेलियां कर रहा हो और मां स्नेहपूर्वक देख रही हो। गौरतलब है, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चांद पर जाने के तीसरे महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल (एलएम) आज चंद्रमा की सतह को छू चुका है। लैंडर (विक्रम) और रोवर (प्रज्ञान) वाला एलएलएम ने बुधवार की शाम 6 बजकर 04 मिनट पर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर लैंड किया। इस मिशन की सफलता के साथ ही भारत अमेरिका, चीन और पूर्व सोवियत संघ (रूस) के बाद चांद पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने वाला चौथा देश बन गया है। चंद्रयान-3 की सफलता के साथ ही भारत चंद्रमा के अनछुए अपेक्षाकृत बड़े दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला पहला देश भी बन गया। चंद्रयान-3 की सॉफ्ट लैंडिंग से



पहले इस मिशन से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े कुछ शेयरों पर निवेशकों की नजर बनी रही। चंद्रयान-3 मिशन में अपना योगदान देने वाले कई शेयरों के भाव बुधवार के कारोबारी सोशन के दौरान अपने 52 हफ्तों के उच्चतम स्तर पर भी पहुंच गया था।

## सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर फिशिंग अटैक, व्यक्तिगत-गोपनीय जानकारी साझा करने को लेकर किया सतर्क

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर साइबर अटैक की खबर सामने आई है। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को एक सर्कुलर जारी कर कहा कि उसकी रजिस्ट्री को उसकी वेबसाइट पर फिशिंग हमले के बारे में अवगत कराया गया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आधिकारिक वेबसाइट की नकल करते हुए एक फर्जी वेबसाइट बनाई और होस्ट की गई है। अटैक करने वाले यूआरएल के माध्यम से व्यक्तिगत विवरण और गोपनीय जानकारी मांग रहे हैं। सर्कुलर में कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री कभी भी व्यक्तिगत जानकारी, वित्तीय विवरण या अन्य गोपनीय जानकारी नहीं मांगती है। सुप्रीम कोर्ट ने लोगों को सतर्क करते हुए कहा, किसी भी आगंतुक को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वह उपरोक्त यूआरएल पर किसी भी व्यक्तिगत और गोपनीय जानकारी को साझा या प्रकट न करें, क्योंकि इससे अपराधियों को जानकारी चुराने में मदद मिलेगी। शीर्ष अदालत ने जनता से कहा है कि वे किसी भी वेबसाइट लिंक की प्रामाणिकता की पुष्टि किए बिना उसे न तो क्लिक करें और न ही साझा करें। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई



चंद्रचूड़ ने वकीलों और वादियों को फिशिंग अटैक के लिए बनाई गई सुप्रीम कोर्ट की नकली वेबसाइट के बारे में आगाह किया और मौद्रिक लेनदेन के दौरान सावधानी बरतने के लिए कहा। जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद-370 के प्रावधानों को निरस्त किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ में सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा, कृपया सावधान रहें। उस लिंक पर क्लिक न करें। इसका उपयोग मौद्रिक लेनदेन के लिए न करें। सर्कुलर में कहा गया है, कृपया यह भी ध्यान दें कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय का डोमेन www.sci.gov.in के नाम से पंजीकृत है और किसी भी यूआरएल पर क्लिक करने से पहले उसे सत्यापित करने के लिए हमेशा इस यूआरएल के ऊपर होवर (आगे पीछे करना) करें। इसमें कहा गया है, यदि आप उपरोक्त फिशिंग हमले का शिकार हुए हैं, तो कृपया अपने सभी ऑनलाइन खातों के पासवर्ड बदल लें और ऐसी अनधिकृत पहुंच की रिपोर्ट करने के लिए अपने बैंक या क्रेडिट कार्ड कंपनी से भी संपर्क करें। इसमें कहा गया है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय की रजिस्ट्री ने फिशिंग हमले को लेकर गंभीर कदम उठाया है और इसकी जांच करने और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को इसकी सूचना दी है। हैकिंग की दुनिया मे तरह-तरह के कई सारे अटैक साइबर अपराधियों द्वारा किए जाते हैं और इन्हीं साइबर अटैक में से एक फिशिंग अटैक भी है। यह काफी अधिक लोकप्रिय साइबर अटैक है। इसके चंगुल में फंसने वाले लोग न सिर्फ पैसा बल्कि पर्सनल डाटा भी गंवा देते है। इस अटैक का उपयोग हैकर यूजर की गोपनीय जानकारी जैसे बैंक अकाउंट संबंधित जानकारी, सोशल मीडिया अकाउंट इनफॉर्मेशन, क्रेडिट कार्ड डिटेल्स इत्यादि को चुराने के लिए करता है।

## जोहानिसबर्ग में बहुमंजिला इमारत में भीषण आग, कम से कम 63 की मौत, 40 से ज्यादा घायल

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के जोहानिसबर्ग में एक बहुमंजिला इमारत में भीषण आग लग गई। इस घटना में अब तक कम से कम 63 लोगों की मौत हुई है, वहीं 40 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। बताया गया है कि यह आग शहर के मध्य में स्थित बिजनेस डिस्ट्रिक्ट में गुरुवार सुबह लगी। दमकलकर्मियों ने अब तक घटनास्थल से 63 शव निकाले हैं। जोहानिसबर्ग इमरजेंसी मैनेजमेंट सर्विसेज के प्रवक्ता रॉबर्ट मुलाउद्जी ने कहा कि दमकल विभाग राहत और बचाव कार्य में जुटे हैं। इस घटना में कम से कम एक बच्चे की भी जान गई है। वहीं, घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि जिस इमारत में आग लगी उसे बेघरों के लिए अनाधिकारिक आवास के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा था और इसके लिए कोई आधिकारिक किराए से जुड़ा समझौता भी नहीं था। इतने सारे लोगों के इमारत में एक साथ होने की वजह से राहत-बचाव कार्यों में भी समस्या आ रही है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इमारत में 200 से ज्यादा लोगों के होने की संभावना है। फिलहाल मल्टीस्टोरी बिल्डिंग में आग लगने की वजहों का पता नहीं है। हालांकि, दमकलकर्मियों ने जद्दोजहद के बाद आग के बड़े हिस्से पर काबू पा लिया। इसके



बावजूद इमारत के बड़े हिस्से में खिड़कियों से धुआं निकलते देखा गया। इसके अलावा खिड़कियों से बेडशीट्स और अन्य वस्तुओं को भी लटके देखा जा सकता है। यह साफ नहीं है कि लोगों ने इमारत से निकलने के लिए इनका प्रयोग किया या अपना सामान निकालने के लिए चीजों को खिड़कियों से बाहर फेंका।

## संपादकीय

# दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था अभी हकीकत से कोसों दूर

दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार आए दिन यहां के सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था को बेहतरीन और आदर्श उदाहरण बताती रहती है। इस बात का हवाला दिया जाता है कि हाल के वर्षों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों की तस्वीर बदल गई है और देश-विदेश में इसे दर्ज किया जा रहा है। अगर ऐसा सचमुच हो तो यह किसी के लिए भी खुश होने वाली बात हो सकती है। खासतौर पर देश भर में सरकारी स्कूलों की बदहाली की जैसी स्थितियां बनी हुई हैं, उसमें यह उत्साह जगाने वाली बात है। लेकिन अगर इस तरह के प्रचार के अनुपात में वास्तविक प्रगति और शैक्षिक गुणवत्ता का सवाल कसौटी पर हो तो यह सवाल स्वाभाविक है कि आखिर सरकार स्कूली शिक्षा की तस्वीर को बदल डालने के मामले में किस तरह की उपलब्धियों का दावा करती है! यों दिल्ली के कई स्कूलों में अव्यवस्था या लापरवाही की खबरें अक्सर आती रहती हैं। लेकिन स्कूल परिसर में अब कई बार छात्रों के बीच आपराधिक हरकतों और कुछ शिक्षकों की गैरजिम्मेदारी के जैसे मामले सामने आ रहे हैं, उससे लगता है कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था के बारे में सरकारी प्रचार और दावे अभी हकीकत से दूर हैं। दरअसल, मंगलवार को दिल्ली के दो सरकारी स्कूलों के बारे में आई खबर यह सोचने पर मजबूर करती है कि ये परिसर व्यवस्थागत स्तर पर विद्यार्थियों के लिए कितने सुरक्षित हैं और शिक्षक अपने दायित्वों को लेकर कितने सजग हैं! गौरतलब है कि दिल्ली के एक स्कूल के दो छात्रों ने पुलिस को दी गई अलग-अलग शिकायत में कहा कि उनके पांच-छह सहपाठियों ने स्कूल के ग्रीष्मकालीन शिविर में उनका यौन उत्पीड़न किया था। अफसोसनाक यह भी है कि पीड़ित छात्रों ने इसकी जानकारी शिक्षकों और उपप्रधानाचार्य को दी। लेकिन किसी शिक्षक ने इसकी सूचना पुलिस या अन्य उच्च अधिकारी को नहीं दी। अब दिल्ली की मौजूदा शिक्षा मंत्री का कहना है कि यह स्थिति न सिर्फ अनैतिक है, बल्कि गैरकानूनी भी है। दरअसल, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम यानी पाक्सो के तहत यह प्रावधान है कि अगर किसी वयस्क को बच्चे के यौन उत्पीड़न के बारे में पता हो और वह संबंधित प्राधिकार को इसकी सूचना न दे तो यह गैरकानूनी है। क्या उस स्कूल के शिक्षकों और उपप्रधानाचार्य को अपने इस दायित्व की जानकारी नहीं थी या फिर उन्होंने इस मामले की अनदेखी की? अब उन्हें निलंबित किया गया है, लेकिन क्या इतने भर से इस समस्या की व्यापकता और गंभीरता का हल निकाल लिया जाएगा? असली चुनौती शैक्षिक माहौल को बेहतर करने और उसकी गुणवत्ता में सुधार करने के साथ-साथ शिक्षकों और विद्यार्थियों के सोचने-समझने के तौर-तरीके में बदलाव लाने की है। लेकिन संसाधनों के स्तर पर कुछ स्कूलों को चमकाने से वैचारिक और व्यवहारगत जड़ता को दूर नहीं किया जा सकता। इसका एक उदाहरण यह भी सामने आया कि दिल्ली के ही एक स्कूल में एक शिक्षिका पर यह आरोप लगा कि उसने अल्पसंख्यक समुदाय के चार छात्रों पर धार्मिक लिहाज से अपमानजनक और सांप्रदायिक टिप्पणी की। इस मामले में भी प्राथमिकी दर्ज की गई। सवाल है कि विदेश भेज कर शिक्षकों को विशेष प्रशिक्षण दिलाने के दावे के समांतर कुछ शिक्षकों के भीतर गहरे पैठी ऐसी संकीर्णता और कुंठाओं को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार क्या योजना चलाती है! स्कूलों में बच्चों के किसी अपराध का शिकार होने की स्थिति में या उनकी सामाजिक पहचान को निशाना बनाने के मामले में अगर कुछ शिक्षकों का भी ऐसा रवैया सामने आता है तो यहां की शिक्षा व्यवस्था में क्रांतिकारी सुधार करने और इसके आदर्श होने का ढिंढोरा पीटने का क्या अर्थ रह जाता है?

## छिड़ा घमासान!



संयोजक को लेकर ।
छिड़ा घमासान ।।
महाजुटान फिर से ।
है कुछ समाधान ?
भरने को हुंकार ।
उतरे सब जमीन ।।
हो उपाय ऐसा ।
लौट आए दिन ।
हैं सारे चौकन्ना ।
खबर आने वाली ।।
नजर बनाए रहना ।
पुलाव जो खयाली ।।
जो अपना अधिकार है ।
शुरू उस पर काम ।।
जब तक ना हो फैसला ।
हैं अटकलें तमाम ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# मुजफ्फरनगर की घटना पर हंगामा और जम्मू पर चुप्पी, यही तो है विपक्ष का दोगलापन

**मृत्युंजय दीक्षित**

विगत दिनों देश में कुछ सुखद व दुखद घटनाएं घटीं जिन पर आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन की प्रतिक्रिया ने उसकी देश और समाज विरोधी मानसिकता को पूरी तरह से उजागर कर दिया। आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन की इन प्रतिक्रियाओं से यह साफ हो गया है कि इस गठबंधन की मानसिकता हिंदू समाज तथा सनातन परंपरा की विरोधी है और यह गठबंधन भारत की उपलब्धियों से नफरत करता है। चंद्रयान-3 की गौरवमयी सफलता के उत्सव के मध्य उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर से नेहा पब्लिक स्कूल में एक दिव्यांग महिला शिक्षिका द्वारा एक मुस्लिम छात्र को पहाड़े याद न होने पर कक्षा के अन्य छात्रों से थप्पड़ लगवाने की घटना का वीडियो बनाकर उसे इंटरनेट पर वायरल कर दिया गया। इसके साथ ही टूलकिट गैंग सोशल मीडिया पर सक्रिय हो गया और हिंदू समाज, भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर टूट पड़ा। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को समझते हुए सक्रियता दिखाई जिसका परिणम यह हुआ कि जो लोग उत्तर प्रदेश सहित देश के अन्य भागों में आग लगाकर अपनी स्वार्थपरक राजनैतिक रोटियां सेंकना चाह रहे थे वो सफल नहीं पाये।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कड़े रुख और प्रशासनिक सक्रियता के परिणाम स्वरूप शिक्षिका के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग ने भी मामले का संज्ञान लिया है। बेसिक शिक्षा विभाग भी हरकत में आया है और विभाग ने स्कूल प्रबंधक को मान्यता रद्द करने का नोटिस जारी किया है। जांच में पता चला है कि स्कूल की मान्यता 2022 में ही समाप्त हो चुकी थी। पुलिस पूरी घटना की हर कोण से जांच कर रही है और यह तथ्य सामने आया है कि मुस्लिम छात्र को थप्पड़ मारने की घटना में दो मुस्लिम भी शामिल थे। यह जांच भी की जा रही है कि घटना का वीडियो किस फोन से जारी किया गया है और उसका उद्देश्य क्या था, उसके बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। आरोपी शिक्षिका तृप्ति ने घटना पर क्षमा मांगते हुए कहा कि बच्चों से पिटाई कराना गलत था और यह किसी रंजिश की वजह से नहीं हुआ। वीडियो के साथ छेड़छाड़ की गयी है। स्कूल प्रबंधक और शिक्षिका का भारतीय जनता पार्टी व संघ से कोई सम्बन्ध नहीं है। क्षेत्र के सीओ डॉ. रवि शंकर का कहना है कि छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में रिपोर्ट दर्ज है इसकी विवेचना जारी रहेगी और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किये गये वीडियो को भी जांच में शामिल किया गया है, संबंधित युवक के मोबाइल की भी जांच की जा रही है। स्कूल में वीडियो बनाने वाले पीड़ित छात्र के चाचा नदीम का कहना है कि उसने शिक्षिका की जानकारी के बिना वीडियो बनाई थी और यह जारी किसने किया यह जानकारी नहीं है। यहाँ यह महत्वपूर्ण है कि तृप्ता त्यागी इस क्षेत्र में वर्षों से समान रूप से हिन्दू और मुस्लिम बच्चों को पढ़ा रही हैं। स्पष्ट है कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन में शामिल विरोधी दलों ने भारतीय जनता पार्टी व संघ के खिलाफ जो विष वमन किया वह पूरी




तरह से झूठ पर आधारित था और गठबंधन इस घटना पर अपनी राजनैतिक रोटियां सेंक रहा था। भारतीय जनता पार्टी पसमांदा मुसलमानों के मध्य अपनी पकड़ बनाने का प्रयास कर रही है और प्रथम दृष्टया उसमें सफल होती भी दिखाई पड़ रही है। यही कारण है कि आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन इस घटना के माध्यम से उत्तर प्रदेश में ही नहीं अपितु देश के अन्य भागों में भी नफरत का जहर बोना चाह रहा था जो योगी जी की सक्रियता के कारण विफल हो गया है। वहीं दूसरी तरफ उज्जैन व जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले से भी कुछ घटनाएं सामने आई हैं। उज्जैन के एक ईसाई मिशनरी स्कूल में एक हिंदू छात्र ने ब्लैकबोर्ड पर जय श्रीराम लिख दिया, इतनी-सी बात पर विद्यालय प्रबंधन ने इस छात्र को कड़ी फटकार लगाई और अपमानित किया। छात्र की दुर्दशा को देखकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने पुलिस के समक्ष शांतिपूर्वक धरना प्रदर्शन किया। अब राज्य सरकार ने स्कूल की गतिविधियों की जांच के आदेश दे दिए हैं।

जो सबसे दुखद और बड़ी घटना प्रकाश में आई वो थी जम्मू स्थित सरकारी स्कूल में दसवीं के एक हिंदू छात्र को इतना बेरहमी से पीटा गया कि उसे अस्पताल में भर्ती करना पड़ा। उस बालक का अपराध केवल इतना था कि उसने अपनी कक्षा के ब्लैक बोर्ड पर जय श्रीराम लिख दिया था। छात्र को प्रताड़ित करने वाले कोई और नहीं, उसी के स्कूल के प्रधानाचार्य मोहम्म हाफिज और शिक्षक फारूक महमूद हैं। घटना 25 अगस्त को घटी। कहा जा रहा है कि जब फारूक ने छात्र द्वारा जय श्री राम का नारा लिखा देखा तो उसने अन्य छात्रों के सामने उस बालक को जमीन पर गिराकर बुरी रह पीट दिया। उसके बाद वह छात्र को प्रधानाचार्य के कमरे में ले गया और उसने दरवाजा बंद कर प्रधानाचार्य के साथ मिलकर फिर से छात्र की पिटाई की और धमकी दी कि यदि उसने फिर से जय श्रीराम लिखा तो वो उसे जान से मार देंगे। गनीमत यह है कि जम्मू-कश्मीर में इस समय राष्ट्रपति शासन लागू है इसलिए प्रशासन ने तत्काल कार्यवाही की है। घटना में शामिल सरकारी स्कूल के प्रधानाचार्य और शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है और आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि प्रधानाचार्य फरार है। उक्त सभी घटनाओं में आई.एन.डी.आई.ए. गठबंधन द्वारा दी गई प्रतिक्रिया गठबंधन में शामिल दलों की विकृत सोच उजागर कर रही है। उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर की घटना पर राहुल गांधी एंड कंपनी बहुत तीव्रता के साथ सक्रिय हो गई किंतु उज्जैन व जम्मू के स्कूल में घटी घटनाओं पर इनके मुंह में दही जम गया क्योंकि इन घटनाओं में पीड़ित छात्र हिन्दू थे और घटना को अंजाम देने वाले तथाकथित अल्पसंख्यक। उधर जब नागपंचमी के पवित्र दिन हिंदू समाज के एक स्थानीय पर्व के अवसर पर शोभायात्रा पर बिहार के बगहा और मोतिहारी में पथराव किया गया तब इस गठबंधन के दलों के प्रवक्ताओं ने हिंदू समाज को ही दोषी बताना प्रारम्भ कर दिया। स्पष्ट है कि मोहब्बत की झूठी दुकान खोलकर बैठे लोग लोग देश जलाने के लिए माचिस लेकर बैठे हैं। आने वाले महीनों में शासन-प्रशासन के साथ हिंदू समाज को भी बहुत अधिक सतर्कता बरतनी होगी क्योंकि प्रमुख हिन्दू पर्वों की श्रृंखला का प्रारम्भ होने जा रहा है।

# दूरदर्शन की दुनिया के वेदव्यास थे गंगा के असली पुत्र राही मासूम रजा

चलचित्र जगत और धारावाहिको की दुनिया में अपनी जादुई कलम से सर्वाधिक चमक बिखेरने वाले राही मासूम रजा का जन्म 1 सितंबर 1925 को गंगा की गोंद में आबाद गाजीपुर के गंगौली गांव में हुआ था। निर्मल और अविरल गंगा की गोंद में फले-फूले साहित्य, अदब, और शहादत की शानदार उपजाऊ माटी में पैदा हुए राही मासूम रजा ने दूरदर्शन की दुनिया के सर्वाधिक लोकप्रिय और सदियों तक लोकमानस के मानस पटल से विस्मृत और ओझल न होने वाले धारावाहिक महाभारत के पटकथा और संवाद लेखन में अपनी सम्पूर्ण साहित्यिक और रचनात्मक प्रतिभा, क्षमता और दक्षता उड़ेल कर रख दी। इसीलिए स्वयं को गर्व के साथ गंगा का असली बेटा कहने वाले राही मासूम रजा को आधुनिक दौर में दूरदर्शन की दुनिया का वेदव्यास माना जाता है। हिन्दी और उर्दू में साहित्य की विविध विधाओं में राही मासूम रजा ने अपनी जादुई कलम चलाई। अपनी सम्पूर्ण साहित्यिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक यात्रा में उन्होंने साम्प्रदायिक सौहार्द, इंसानियत, और प्यार मुहब्बत का संदेश देने का अद्वितीय प्रयास किया।

आधा गांव, दिल एक सादा कागज, ओंस की बूंद, हिम्मत जौनपुरी , नीम का पेड़, कटरा बी आर्जू , सीन 75 और टोपी शुक्ला जैसे सुप्रसिद्ध उपन्यासों को लिखने वाले राही मासूम रजा बोल-चाल में स्वभावतः स्पष्टवादी थे । साम्प्रदायिक सौहार्द के हिमायती राही मासूम रजा अपने धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण के कारण देशभर में अत्यंत लोकप्रिय रहे। उनके उपन्यास टोपी शुक्ला सहित एक दर्जन उपन्यासों का नाट्य रूपांतरण कर मंचन किया गया। अख्तर अली द्वारा नाट्य रूपांतरित टोपी शुक्ला नाटक का मंचन देश भर में लगभग हर छोटे बड़े शहर में किया गया। साम्प्रदायिक सौहार्द, सद्भाव और भाईचारा का पैगाम देने का प्रयास करते इस नाटक को मशहूर गीतकार जावेद अख्तर और साहिर लुधियानवी ने अपने गीतों से पिरोया है। इस नाटक में टोपी शुक्ला और इरफान अलग-अलग??? धर्म और सम्प्रदाय से आते परन्तु दोनों के बीच अटूट रिश्ता इंसानियत का अनूठा संदेश देता है। नीम का पेड़ जैसे उपन्यासों पर धारावाहिक बनाया गया। विशुद्ध ग्रामीण पृष्ठभूमि पर आधारित गुलबीर सिंह ग्रेवाल द्वारा निर्देशित धारावाहिक " नीम का पेड़ " अत्यंत लोकप्रिय हुआ । इस धारावाहिक का जिक्र होते ही इसका मुख्य किरदार " बुधई राम " हमारे मानसिक अंतरिक्ष में तैरने लगता हैं तथा निदा फाजली द्वारा



लिखा और जगजीत सिंह द्वारा गाया इस धारावाहिक का परिचय गीत " मुंह की बात सुनें हर कोई " खासा लोकप्रिय हुआ। "ओंस की बूंद राही मासूम रजा का तिसरा उपन्यास है। साम्प्रदायिक दंगों के बीच सच्ची इंसानियत की तलाश करता यह उपन्यास एक मजहब और एक शहर का होते हुए हर मजहब और हर शहर का नजर आता है । अपने उपन्यासों के माध्यम से राही मासूम रजा ने यह दर्शाने का प्रयास किया कि प्रेम धर्म जाति और उम्र के बंधनों से ऊपर है। अपनी माटी के बहादुर योद्धा वीर अब्दुल हमीद के जीवन पर राही मासूम रजा ने एक जीवनी "छोटे आदमी की बड़ी कहानी " भी लिखीं। अपने लेखन के माध्यम से राही मासूम रजा ने अंहकार, स्वार्थ और संकीर्णता से भरी राजनीति को बेनकाब करने का साहस दिखाया। भारत और पाकिस्तान के विभाजन की त्रासदी पर आधारित राही मासूम रजा का उपन्यास " आधा गांव" सर्वाधिक लोकप्रिय रहा। विभाजन की त्रासदी का असर भारत के लगभग सभी गांवों पर पड़ा । भारतीय गांवों में गहरे रूप से व्याप्त भाईचारे पर संकट के बादल मंडराने लगे। राही मासूम रजा के उपन्यास आधा गांव की पृष्ठभूमि उनके पैतृक गांव गंगौली में व्याप्त विभाजन की त्रासदी पर आधारित है।

प्रारंभिक शिक्षा अपने गंगौली गांव और उसके आसपास ग्रहण करने के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए गंगा -जमुनी तहजीब के प्रखर पैरौकार राही मासूम रजा अलीगढ चले गए। सर सैयद अहमद खान के सामाजिक सुधार आंदोलन की ध्वजवाहक अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ से " तिलिस्म -ए-होशरूबा" पर शोधकार्य पूरा किया और अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग में प्राध्यापक के रूप में कार्य किया। सोवियत रूस में 1917 में विश्व के इतिहास पहली बार विचारधारा के आधार पर एक सफल समाजवादी क्रांति सम्पन्न हूई। साम्राज्यवादी शोषण से मुक्ति के संघर्ष कर रहे तिसरी दुनिया के देशों में यह समाजवादी विचारधारा तेजी से लोकप्रिय हो रही थी। अलीगढ़ में अपने अध्ययन और अध्यापन के दौर में राही मासूम रजा समाजवादी विचारधारा ( वामपंथी विचारधारा) से सम्पर्क में में आए और मन, मस्तिष्क, मिजाज और विचार से पूरी तरह वामपंथी हो गए। कालांतर में वह भारतीय साम्यवादी दल के सदस्य भी हो गए । 1968 में गांवो की व्यथा, वेदना और कराहों को सीने में लेकर राही मासूम रजा मुम्बई चले गए। मुम्बई में उन्होंने सैकड़ों फिल्मों के लिए स्क्रिप्टस , संवाद और लिरिक्स लिखें। बी आर चोपड़ा द्वारा निर्देशित धारावाहिक महाभारत के लिए लिखें स्क्रिप्ट, डायलॉग और लिरिक्स ने राही मासूम रजा को हमेशा के लिए भारतीय जनमानस का साहित्यिक और सांस्कृतिक सितारा बना दिया।

**मनोज कुमार सिंह**


**लेखक/ साहित्यकार/ उप-सम्पादक कर्मश्री मासिक पत्रिका**

# अब सूर्य पर फतेह हासिल करेंगे भारतीय वैज्ञानिक, बढ़ता भारत अब थमने वाला नहीं है

**ललित गर्ग**

चंद्र अभियान की ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) एक नया इतिहास गढ़ने एवं एक और मैदान फतेह करने को तत्पर है और सूरज का अध्ययन करने के लिए संभवतः दो सितंबर, 2023 आदित्य-एल 1 यानी सूर्य मिशन के प्रक्षेपण की तैयारी कर रहा है। आदित्य-एल 1 अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल-1 (सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंजियन बिंदु) पर सौर हवा के यथास्थिति अवलोकन के लिए बनाया गया है, इस मिशन की मदद से स्पेस में मौसम की मोबिलिटी, सूरज के तापमान, सोलर स्टॉर्म, एमिशन और अल्ट्रावॉयलेट रेज के धरती और ओजोन लेयर पर पड़ने वाले प्रभावों की स्टडी की जा सकेगी, जिससे मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को सकारात्मक मोड़ देने में सुविधा रहेगी। यह भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक और मील का पत्थर होगा। इस प्रक्षेपण के बाद अमेरिका, जर्मनी और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बाद भारत सूर्य के पास उपग्रह भेजने वाला चौथा देश बन जाएगा। आदित्य एल-1 को पृथ्वी-सूर्य प्रणाली की ऑर्बिट के पांच बिंदुओं में से एक लैग्रेंज-1 में स्थापित किया जाएगा। यहां सूर्य पर ग्रहण के दौरान भी नजर रखी जा सकती है। यह पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किमी. दूर है। निश्चित ही चंद्रयान-3 के 3.84 लाख किमी. के सफर के मुकाबले आदित्य एल-1 का सफर कहीं ज्यादा चुनौती एवं संघर्षपूर्ण होगा।

दुनियाभर के वैज्ञानिक ब्रह्माण्ड के रहस्यों को जानने में जुटे हैं। जिस सौरमंडल में हम रहते हैं, उसे समझने के लिए सूर्य को जानना जरूरी है। सूर्य की ऊर्जा का अध्ययन धरती पर नहीं किया जा सकता। इसलिए दुनिया की दूसरी अंतरिक्ष एजेंसियों की तरह इसरो भी सूर्य के पास जाकर अध्ययन करना चाहता है। उसका पहला सूर्य अभियान सूर्य के कोरोना, प्रकाश मंडल, क्रोमोस्फीयर, सौर उत्सर्जन, सौर तूफानों और कोरोनल मास इजेक्शन के अध्ययन के साथ-साथ सूर्य की संपूर्ण इमेजिंग के नए द्वार खोल सकता है। लगातार चमकने वाला सूर्य, जहां ऊर्जा के लिए निरंतर विस्फोट होते रहते हैं, हमेशा से रहस्य का विषय रहा है। लेकिन ये विस्फोट कब होंगे और इसके प्रभाव क्या होंगे, इसकी सटीक जानकारी धरतीवासियों को नहीं है। ऐसे में इस टेलीस्कोप का एक उद्देश्य इनकी स्टडी करना है। वैज्ञानिकों का मानना है कि मिशन के तहत अलग-अलग तरह के



डाटा को जुटाकर ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकेगी जिससे धरती को होने वाले नुकसान के बारे में पहले से अलर्ट किया जा सकेगा। इस अभियान की कामयाबी इसरो के लिए अंतरिक्ष में एक और अहम छलांग होगी। इससे अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी भी बढ़ेगी, जो कि फिलहाल सिर्फ दो फीसदी है। इसमें वृद्धि के लिए इसरो को उसकी महत्त्वाकांक्षाओं के अनुरूप सरकार से हरसंभव मदद मिलनी चाहिए।

नया भारत एवं सशक्त भारत निर्मित करने की अनेक बहुद्देश्यीय एवं बहुआयामी योजनाएं आजादी के अमृतकाल में आकार लेने के लिये उजावली हैं, उन्हीं योजनाओं में अंतरिक्ष के अनुसंधान एवं अध्ययन से जुड़ी योजनाओं में से आदित्य-एल 1 एक बड़ी परियोजना है, जो सूर्य की गतिशीलता और उसके पास के मौसम की समझ में क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है। सूर्य का नाम आदित्य भी है, अतः इस नाम का अभियान या यान सबके आकर्षण का केंद्र बने, तो कोई आश्चर्य नहीं। यह अभियान दुनिया में एक भारतीय शब्द का प्रचार और भारत के अंतरिक्ष अभियान के स्वदेशी होने का अहसास करायेगा। योजना के अनुसार, यह यान कुल 125 दिन में सूर्य के पास की कक्षा में पहुंच जाएगा। सूर्य के एकदम निकट जाने के बारे में तो कोई सोच नहीं सकता, पर सूर्य के पास एक सुरक्षित कक्षा है जहां पहुंचकर कोई यान परिक्रमा करते हुए सूर्य को देख-परख सकता है। यह आदित्य अंतरिक्ष यान सात उन्नत उपयोगी उपकरणों से सुसज्जित है, जो सूर्य की विभिन्न परतों, प्रकाशमंडल और क्रोमोस्फीयर से लेकर सबसे बाहरी परत, कोरोना तक की जांच करने के लिए तैयार किए गए हैं। इरादा यह है कि सूर्य के पास घटित होने वाली तमाम गतिविधियों का डाटा एकत्र किया जाए, ताकि सूर्य की कुल क्रिया-प्रतिक्रिया को समझा जा सके। हम तेज सूर्य से आंख नहीं मिला पाते हैं, पर भारत का आदित्य यान सूर्य से सीधे आंख मिलाने में सक्षम होगा, इसमें लगे चार उपकरण तो केवल सूर्य को देखने का काम करेंगे, मतलब इस अभियान का मूल लक्ष्य सूर्य को करीब से देखना है। भारत पुरातन काल से ज्ञान-विज्ञान का असीम भंडार रहा है। हमारे ऋषियों-मनीषियों ने आचार-विचार, आत्म-विकास एवं गहन खोजों से चिकित्सा, दर्शन, अर्थ और सौरमंडल तक की ऐसी जानकारी प्रदान की है, जिसके बारे में विश्व को बहुत बाद में पता चला। स्वामी विवेकानन्द ने कहा भी है कि आधुनिक विज्ञान के सूत्र पुरातन काल में वेदों में लिखित सूत्र ही हैं। किसी भी आपदा या घटना का पूवार्नुमान भारत में इसी सौरमंडल की जानकारी के आधार पर ही संभव हुआ है। सूर्य में भारत की दिलचस्पी एवं श्रद्धाभाव को स्वाभाविक ही समझा जा सकता है। भारत एक ऐसा देश है जहां सूर्य को देवता मानकर पूजने वाले, पर्व-उपवास करने वाले लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। भारत में हर सुबह सूर्य नमस्कार और सूर्य को जल अर्पण दिनचर्या में शामिल है। भारतीय पौराणिक कथाओं में सूर्य एक चरित्र या किरदार के रूप में पुरजोर उपस्थित है। इसलिये कोई आश्चर्य नहीं, भारतीय ज्यादा श्रद्धाभाव से सूर्य का अध्ययन करते हुए विश्व मानवता को उपकृत सकेंगे।

# चाकू से गोदकर छात्र की हत्या, मातम में बदली रक्षाबन्धन की खुशियां

## खून से लथपथ इकलौते भाई का शव देख कांप उठा बहनों का कलेजा

बेरुआरबारी/सुखपुरा बलिया। खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव में मंगलवार की रात दरवाजे पर सो रहे एक युवक की अज्ञात बदमाशों ने चाकू से गोंदकर हत्या कर दिया। युवक की चीख पुकार सुनकर परिजन दौड़े,तब तक बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल हो गए। इसके बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना देते हुए युवक को जिला अस्पताल ले जा रहे थे। जिसकी रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एस. आनन्द एवं अपर पुलिस अधीक्षक डी.एस.तिवारी भी मौके पर पहुंच गए और



घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौके पर लोगों की भीड़ जुट गयी। मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार खेजुरी थाना क्षेत्र के करम्मर गांव निवासी बादल पटेल (18 वर्ष) पुत्र हरेराम पटेल के नए मकान का गृह प्रवेश सोमवार को था। जिसमें सभी रिश्तेदार जुटे हुए थे। जबकि सामान उसके पाटीदार के घर पर रखा गया था। जहां मंगलवार की रात बादल पटेल अपने पाटीदार के दरवाजे पर सोया हुआ था। जबकि उसकी मां,मौसी और अन्य लोग करीब 500 मीटर की दूरी पर सोए हुए थे। इसी बीच देर रात अज्ञात बदमाश पहुंचकर युवक के पेट में चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दिया। युवक की शोरगुल सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे तब तक आरोपी फरार हो चुके थे। मृतक टीडी कालेज में बीकाम द्वितीय वर्ष का छात्र था। इस मामले में थानाध्यक्ष खेजुरी विंदेश्वरी पाण्डेय ने बताया कि मामले की गहनता से जांच हो रही है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा और दोषियों पर कार्यवायी के साथ-साथ परिवार को न्याय दिलाया जाएगा।

**मातम में बदली रक्षाबन्धन की खुशियां,खून से लतपथ इकलौते भाई का शव देख कांप उठा बहनों का कलेजा :** रक्षाबन्धन से ठीक पहले इकलौते भाई की निर्मम हत्या से घर-परिवार में कोहराम मच गया है। मां-बहनों का रोते-रोते बुरा हाल है। खून से तथपथ भाई के शव से लिपट कर बहनों का करूण-क्रंदन और पुकार सुन वहां मौजूद हर दिल सिसक रहा था। हत्याकांड की सूचना पर एसपी एस.आनन्द व एएसपी डीपी तिवारी पुलिस टीम व फॉरेंसिक टीम के साथ पहुंच गए है। जांच चल रही है।

### माटीकला संबंधित विकास कार्यक्रम के अंतर्गत चालित चाक (पॉटरी व्हील) के लिए करें आवेदन

बलिया। उत्तर प्रदेश माटीकलां बोर्ड द्वारा संचालित "माटीकलां समन्वित विकास कार्यक्रम" के अंतर्गत "माटीकलां टूल किट्स वितरण रोजगार योजना" हेतु वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 30 का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। माटीकलां से जुड़े हुए कुंभार जाति के व्यक्तियों को माटीकलां से संबंधित परंपरागत/प्रशिक्षित कारीगरों को माटीकलां /माटी शिल्प कला के पावर चालित चाक (पॉटरी व्हील) का निशुल्क वितरण किया जाना है। योजना के अंतर्गत उद्यम संचालित करने के लिए टूलकिट प्राप्त करने की इच्छुक अभ्यर्थी, जिनकी आयु 18 से 55 वर्ष की मध्य हो, वह अपना आवेदन पत्र www.upkvib.gov.in पर ऑनलाइन कर सकते हैं। ऑनलाइन करने की अंतिम तिथि 9 सितंबर 2023 निर्धारित किया गया है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्र के सापेक्ष निर्धारित लक्ष्य 30 पात्र अभ्यर्थियों का चयन मुख्य विकास अधिकारी, बलिया की अध्यक्षता में शासन द्वारा गठित चयन कमेटी के द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा।

## कन्या सुमंगला योजना के संवाद कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बलिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम का लाइव प्रसारण एनआईसी कक्ष विकास भवन में आयोजित हुआ।इस अवसर पर मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बांसडीह विधायिका केतकी सिंह व जिलाधिकारी रविंद्र कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष जयप्रकाश साहू ने बालिकाओं के साथ संवाद किया। साथ ही पात्र लाभार्थी बच्चों को गिफ्ट भी दिए। उसके बाद बालिकाओं को डमी चेक ,मिष्ठान आदि भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बाल संरक्षण अधिकारी विनोद सिंह, महिला शक्ति केंद्र की टीम एवं अन्य प्रोबेशन कर्मचारी उपस्थित थे।

## बाल अपराध व निवारण पर छात्र-छात्राओं को शिविर में किया गया जागरूक

रसड़ा, बलिया। तहसील विधिक सेवा समिति के तत्वाधान में बुधवार को क्षेत्रीय शिव शक्ति उड़ीसा पब्लिक स्कूल पकवाइनार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। बाल अपराध एवं उसके निवारण विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तहसीलदार संजय कुमार सिंह ने कहा कि हमें एंड्राएड मोबाइल सेट द्वारा होने वाले नुकसान के प्रति सचेत रहना चाहिए। मोबाइल ऐप में बहुत सारे अश्लील एवं गंदे चीजें भी हैं। हमें सही और गलत की पहचान होनी चाहिए। विद्यालय के बच्चों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि हमें स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहने की जरूरत है और जंक फूड एवं चाइनीज भोजन से बचना है ।भोजन के असंतुलन से ही हमें कम उम्र में ही हार्ट अटैक एवं अन्य बीमारियां हो रही है। उन्होंने बच्चियों को सावधान किया कि वह बैड टच और गुड टच के प्रति जागरूक रहे। समाज में बच्चियों के प्रति गलत व्यवहार रखने वाले



भेड़िए मौजूद हैं। हमें कभी भी अपनी दहलीज को पार नहीं पर करना चाहिए और अनुशासन में रहना चाहिए। कोई भी पुलिस और मजिस्ट्रेट आपकी 24 घंटे रक्षा नहीं कर सकती है ।काम पिपासु समाज के भेड़िए रूपहले सपनों की दुनिया दिखाकर बच्चियों को गुमराह कर देते हैं और भगा ले जाते हैं।आज इस तरह के बहुत सारे मुकदमों की बाढ़ आई हुई है। बच्चियों से उन्होंने कहा कि वे कभी भी अपने मां-बाप की ऋण अदा नहीं कर पाएंगी इसलिए सबको सदा सावधान और सतर्क रहने की जरूरत है।कार्यक्रम में पैरालीगल वॉलिंटियर्स श्रीमती मीना अग्रवाल, जेपी गिरी, राजेश शर्मा, विवेकानंद तिवारी, गोपाल जी, विनोद शर्मा मौजूद रहे। अंत में प्रबंधक श्रीमती रानी राय ने अपनी शायरी से तहसीलदार का अभिनंदन किया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे एवं शिक्षक मौजूद रहे। प्रिंसिपल श्रीमती शैलजा राय ने सभी आगंतुक अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। स्कूल की बच्चियों ने अपनी बनाई राखी तहसीलदार एवं पैरालीगल वॉलिंटियर्स एवं शिक्षकों को बांधी। संचालन पैरालीगल वॉलंटियर श्याम कृष्ण गोयल ने किया।

## श्रीनाथ बाबा मठ पर रक्षाबंधन उत्सव : माताओं-बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया

रसड़ा, बलिया। स्थानीय श्रीनाथ बाबा मठ रसड़ा के सभागार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छः उत्सवों में से एक रक्षाबंधन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवा ध्वज के पूजन व रक्षासूत्र बांधकर हुआ। इस दौरान कस्बा के प्रत्येक परिवार से माताएं-बहनों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ गोरक्ष प्रांत के सह प्रांत प्रचारक सुरजीत ने कहा कि समरसता का पर्व रक्षाबंधन अत्यंत प्राचीन है। प्राचीन काल से राजा को राज्य पुरोहित रक्षासूत्र बांधकर उनके कर्तव्य का बोध कराता था तथा रक्षा वचन लेता था। यह पर्व बन्धन का नहीं, बल्कि कर्तव्य बोध का है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही ब्रम्हकुमारी प्रजापिता एवं विश्वविद्यालय रसड़ा की संचालिका बहिन जागृति ने अपने सम्बोधन में कहा कि रक्षाबंधन हमारी सनातन संस्कृति का बोध कराता है।इस पर्व




में भाई-बहिन का आत्मीय लगाव बढ़ता है।इस मौके पर जिला प्रचारक अनुज, जिला संघचालक डॉ. बृजराज सिंह, विभाग सेवा प्रमुख सुभाष, नगर संघचालक श्याम कृष्ण गोयल, संजय गुप्त, कौशल गुप्त, रमेश राय, विद्या भूषण आदि रहे।

## राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन सेवा सदन स्कूल कथरिया पर

बलिया। राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन सेवा सदन स्कूल कथरिया पर नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में माँ सुरसरी सेवा संस्थान,कथरिया बलिया द्वारा किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा सदन स्कूल कथरिया के प्रबंधक सुधीर कुमार सिंह ने मेजर ध्यानचंद जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर किया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पहली बार इस दिवस को वर्ष 2012 में भारत के राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में नामित कर मनाया गया। यह दिवस देश के महान खिलाडियों को सम्मान स्वरुप याद करने के उद्देश्य से मनाया जाता है,हमारे देश के राष्ट्रपतिआज के दिन इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, अर्जुन पुरस्कार, द्रोणाचार्य पुरस्कार और ध्यानचंद पुरस्कार जैसे खेल पुरस्कार प्रदान करते हैं। राष्ट्रीय खेल दिवस का प्राथमिक उद्देश्य खेल के महत्त्व के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना और दैनिक जीवन में शारीरिक रूप से सक्रिय रहना है।



नेहरू युवा केन्द्र द्वारा खेल के महत्त्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रमो आदि का आयोजन करती रहती है। साथ ही मेजर ध्यानचंद कोयाद करते हुए बताया कि इन्हें 'हॉकी के जादूगर' के रूप में जाना जाता है इनका जन्म 29 अगस्त, 1905 को उत्तर प्रदेश के वर्तमान जिला प्रयागराज में हुआ था, इन्होंने ओलंपिक खेलों में सेंटर फॉरवर्ड खिलाड़ी की भूमिका में वर्ष 1928 में एम्स्टर्डम, 1932 में लॉस एंजिल्स और 1936 में बर्लिन में स्वर्ण पदक जीता। वह पहली भारतीय विदेशी सेना टीम के सदस्य थे जिसने वर्ष 1926 में न्यूजीलैंड का दौरा किया था। भारत सरकार ने वर्ष 2012 में ऐसे महान खिलाड़ी को श्रद्धांजलि देने के लिये उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाने का फैसला किया। इस दौरान स्कूल में कई तरह की खेल प्रतियोगिता आयोजित किया गया जिसमें बैडमिंटन, एथलेटिक्स आदि रहे। इस दौरान कार्यक्रम को सफल बनाने में एकेडमिक इंचार्ज राजनारायण सिंह, प्रिंसिपल सुमन सिंह, अंजली कनौजिया, अशोक सिंह, गौरव सिंह, भोला नाथ राजभर, नेहा राजभर, अंशिका सिंह, अंजली पाण्डेय आदि ने अपना योगदान दिया।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल, हालत गंभीर

चकिया। चंदौली। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के शिकारगंज चौकी अंतर्गत बलिया कला निवासी सुनिल पुत्र रामलगन चौहान 45 वर्ष की सड़क दुर्घटना में घायल हो गया । घटना की सूचना मिलते ही परिजन और स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच कर जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया में लाये । जहां घायल का हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज कर वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि बुधवार की देर सायं में उचहरा गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया । जिससे व्यक्ति गंभीर रूप घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा । घटना की सूचना लगते परिजन मौके पर पहुंचे , साथ ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचे । वही घायल को जिला संयुक्त चिकित्सालय चकिया में लाये जहां । जहां घायल का हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिये।

# रश्मि अग्रवाल ने ली अध्यक्ष पद की शपथ

मथुरा। जनपद के स्थानीय होटल में रश्मि अग्रवाल गोविंद नगर ने अध्यक्ष पद की ली शपथ प्रेरणा अग्रोहा विकास ट्रस्ट महिला समिति मथुरा का सप्तम अधिष्ठापन समारोह के उपलक्ष्य में एक वॉटर कूलर का दान दिया गया और बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दिल्ली से आई राष्ट्रीय अध्यक्षा सिम्मी जैन महामंत्री कमल नयनी जी कार्यकारी अध्यक्ष उमेश कुमार गणपत राय ने दीप प्रज्वलन करके किया। प्रेरणा संस्थापिका संयोजिका रजनी अग्रवाल प्रभात (रोटो) द्वारा रचित महाराजा अग्रसेन की प्रेयर गई। तत्पश्चात रजनी अग्रवाल सारिका अग्रवाल एवं चारु सिंघल व अनीता अग्रवाल द्वारा शिव गणपति वंदना प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात देशभक्ति पर बहुत सुंदर प्रस्तुति समिति सखियों द्वारा दी गई। उसके बाद भारतीय नारी सशक्तिकरण पर बहुत ही अद्भुत एवं सुंदर प्रस्तुति प्रेरणा सखियों के द्वारा दी गई झ ठान ली तो क्या नहीं कर सकती आज की नारी ' 2022-23 की महामंत्री नीति मंगला ने विगत वर्ष किए गए अपने कार्यों का विवरण दिया जिलाध्यक्षा अंजना गर्ग ने प्रोजेक्टर द्वारा प्रतिमाह किए गए कार्यों को दशार्या और टीम को पुरस्कार वितरण किया। माउथ आफ सेरिमनी नीलम गोयल की सभी ने प्रशंसा की ' नवनिर्वाचित महामंत्री सीमा गोयल एवं जिलाध्यक्ष रश्मि बंसल जी ने अपने आगामी कार्यक्रमों एवं सेवा कार्यों से अवगत कराया।

अध्यक्षा रश्मि ने मथुरा की परिक्रमा में सेवा कार्य एवं तुलसा जी के सेवा पर जोर दिया ' तत्पश्चात समिति संस्थापिका संयोजिका रजनी अग्रवाल प्रभात (रोटो) ने टीम 2022-23 को धन्यवाद दिया एवं टीम 2023-24 को शुभकामनाएं प्रेषित की। रजनी ने सदन में उपस्थित अतिथियों को प्रेरणा के उद्देश्यों से अवगत कराया। समिति संयोजिका रंजन मित्तल ने नवनिर्वाचित टीम को बधाई दी एवं अच्छे-अच्छे कार्यों के लिए प्रोत्साहन दिया। दिल्ली से आए हुए मुख्य अतिथि सिम्मी



जैन की विशिष्ट अतिथि कमल नैनी जैन एवं गणपति राय गोयल मथुरा से मोक्ष धाम संचालन से बांकेलाल टेंट वाले राजेंद्र खंडेलवाल, उमेश कुमार प्रेस वाले, रास बिहारी लोहे वाले, मुकेश, पीयूष एस हेल्पिंग हैंड, शिखा गुप्ता एवं अंकित दिशा इंस्टीट्यूट से, संस्कार भारती से अध्यक्ष जयप्रकाश एवं भारत भूषण ने सभा को संबोधित कर-के प्रेरणा को अपने आशीर्वचन दिए। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष कल्पना गर्ग, जागृति, नीति मंगला, उप मंत्री नीलम गोयल, कोषाध्यक्ष नीलम अग्रवाल, आशा अग्रवाल, प्रचार मंत्री सुधा अग्रवाल, संगठन मंत्री ममता बिंदल, सांस्कृतिक रजनी अग्रवाल, मीडिया प्रभारी मानसी मित्तल, निर्देशिका मंडल बीना अग्रवाल, नीलम मंगल, सुनीता जैन, निशा साधना स्मृति आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### पत्रकार की कलाई पर कोतवाल ने रक्षा सूत्र बांधकर की चतुर्थ स्तंभ की मंगल कामना

क्षेत्र में हर्ष और उल्लास पूर्वक मनाया गया रक्षा बंधन का पर्व



प्रखर जखनियां गाजीपुर। स्थानीय क्षेत्र में भाई-बहन के त्योहार का पर्व रक्षाबंधन हर्ष और उल्लास पूर्वक मनाया गया। क्षेत्र के गांव कस्बों सहित हर जगह पर्व की खुशहाली देखते बनी। जहां भाई की कलाई पर बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर भाई के लिए मंगल कामना की वहीं भाईयों ने भी बहन के हर सुख दुःख में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का वायदा किया। इस बार रक्षाबंधन का त्यौहार दो दिन पड़ने की वजह से कुछ लोगों ने बुधवार को तो कुछ लोगों ने बृहस्पतिवार को सुबह 7:30 बजे तक राखी बंधवाया। बहनों ने भाई को तिलक लगाकर आरती उतारते हुए रक्षा सूत्र बांध कर भाई का मुंह मीठा कराया भाइयों ने भी बहनों के सुरक्षा सहित सभी सुख-दुख का ध्यान रखने का वचन दिया। वहीं एकल संच अभियान के तहत संच प्रमुख जखनिया एवं संच प्रमुख हथियाराम की बहनों ने भुडकुंडा थाने में अतिरिक्त प्रभारी हीरामणि यादव राहुल मिश्रा अखंड प्रताप सिंह दीवान सरवन कुमार सहित अन्य पुलिस कर्मियों को रक्षा सूत्र बांधा जिसमें गाजीपुर एवं सैदपुर के भाग अध्यक्ष ओंकार राय बृजेश यादव लकी कुशवाहा इत्यादि लोग उपस्थित रहे। वहीं भुड़कुड़ा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक तारावती यादव ने भी क्षेत्रीय लोगों की कुशल कामना करते हुए राष्ट्रके चतुर्थ स्तंभ से जुड़े लोगों को रक्षाबंधन पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कलाई पर रक्षा सूत्र बांधा। कहा कि राष्ट्र के चतुर्थ स्तंभ के सजग प्रहरियों की चाहे जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। सम विषम परिस्थितियों के झंझावातों से बखूब जूझने वाले पत्रकारों की कलम की ताकत आईना की तरह साफ नजर आती है। जिसकी कलम से निकला प्रिंट हर शब्द हर किसी के लिए संदेश का अहसास दिलाता है।

### तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर मजदूर की मौत



अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्तिनगर मार्ग स्थित डीह खास गांव के पास बजाज एजेंसी के समीप तेज रफ्तार कार की चपेट में आकर डीह निवासी नजीर पुत्र स्व. नईम उम्र 62 वर्ष की मौत गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार डीह निवासी नजीर दैनिक मजदूरी का कार्य करता था। घरेलू कार्य से बाजार गया हुआ था। बाजार से अपने घर वापस आ रहा था। जैसे ही बजाज एजेंसी के समीप पहुंचा विपरीत दिशा से सोनभद्र की तरफ जा रही तेज रफ्तार आर्टिका कर वाहन संख्या UP 64 AV 5561 के चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। तत्काल ग्रामीणों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत्य घोषित कर दिया। वही मौके से वाहन फरार होने में कामयाब रहा। पुलिस ने सीसी कैमरे की मदद से एवं ग्रामीणों की बताएं अनुसार दुर्घटना करने वाले वाहन का पता लगाकर। वाहन के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर वाहन की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### भाइयों व बहनों के संकल्प का पर्व रक्षाबंधन धूमधाम से मना

प्रखर पिंडरा वाराणसी। बहनों को रक्षा करने का संकल्प और भाइयों के समृद्धि के प्रतीक के रूप में मनाए जाने वाला पर्व ग्रामीण क्षेत्रों में दो दिन मनाया गया। ज्यादातर लोगों ने गुरुवार को रक्षाबंधन का पर्व मनाया। ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को ही अलसुबह से ही रक्षाबंधन बाँधने का पर्व दोपहर तक चला। वही कुछ लोगों ने बुधवार को ही रक्षाबंधन का पर्व मनाया। बहनों के रक्षा और भाइयों के लम्बी उम्र



की कामना के लिए मनाए जाने वाले पर्व को लेकर युवाओं में ज्यादा उत्साह दिखा। रक्षाबंधन के पर्व पर पिंडरा, फूलपुर, सिंधोरा, कठिराव, बाबतपुर, मंगारी व कुआर बाजार में मिठाई व राखी के दुकानों पर भीड़ दिखी।

### हापुड़ लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ताओं ने सीएम के नाम का ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

रसड़ा ,बलिया। तहसील बार एसोसिएशन रसड़ा द्वारा हापुड़ जिले में पुलिस द्वारा अधिवक्ताओं पर किए गए बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के निदेर्शानुसार बुधवार को मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्री मांगों का एक ज्ञापन एसडीएम सदानंद सरोज को सौंपा, जिसमें अधिवक्ताओं ने घटना की निन्दा करते हुए हापुड़ के डीएम, एसपी व सीओ का तबादला अड़तालीस घंटे अंदर करने तथा दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की कार्रवाई करने सहित घायल अधिवक्ताओं को मुआवजा देने की मांग की है।

### रक्षाबन्धन पर सस्ता हुआ गैस सिलिंडर, गृहणियों के चेहरे खिले

रतसर (बलिया)। घरेलू गैस सिलिंडर के दाम में 200 रूपए की कटौती ने महंगाई की मार से जूझ रहे आम आदमी को बड़ी राहत दी है। इससे विशेष तौर पर गृहणियां काफी खुश है। उनका कहना है कि महंगाई की मार ने बुरा हाल कर दिया था। परेशान महिलाओं को केन्द्र सरकार ने रक्षाबन्धन के पर्व पर घरेलू गैस के दाम में 200 रुपए की कटौती की राहत देकर बड़ा उपहार दिया है। इससे गृहणियों को राहत मिली है। कहा कि सरकार अब तक लगातार घरेलू एलपीजी गैस के दाम बढ़ाती आ रही थी जिससे घर का बजट पूरी तरह से बिगड़ गया था और उनके लिए संभालना कठिन हो रहा था। लेकिन अब सरकार ने रक्षाबन्धन पर गैस सिलिंडर में 200 रुपए कटौती कर बड़ी राहत दी है।

## लम्बे समय तक परेशान करने वाली बीमारी

# सोरायसिस





डॉ. विपुल गुप्ता, चर्मरोग विशेषज्ञ, सहारा हास्पिटल

लखनऊ। सोरायसिस त्वचा की एक इन्फ्लेमेटरी बीमारी होती है जो लम्बे समय तक चलती है। दुनिया भर में लाखों लोग यानि लगभग 2.4 परसेंट लोग इससे पीड़ित हैं। यह पुरुषों और महिलाओं में किसी को भी हो सकती है और किसी भी उम्र में सोरायसिस का रूप ले सकती है। सोरायसिस का कोई निश्चित कारण नहीं होता है कि किस वजह से यह बीमारी हो रही है। यह बीमारी ब्लड प्रेशर, डायबिटीज व डिप्रेशन के शिकार लोगों में ज्यादा हो सकती है।

**सोरायसिस होने के विभिन्न कारण है**

**जेनेटिक कारण**- सोरायसिस बीमारी यदि किसी व्यक्ति के परिवार में हुई है तो 30 से 35 प्रतिशत इसके परिवार के और लोगों को होने की सम्भावना बढ़ जाती है। इम्यून फैक्टरः इस बीमारी में स्किन की ऊपरी सतह का प्रभावित दायरा तेजी से बढ़ता जाता है। इनवायरन्मेंटल कारकः अल्कोहल, धूम्रपान, मोटापा,तनाव व चिंता के कारण इसके होने की सम्भावना होती है।

**लक्षण**

त्वचा पर लाली (रेडनेस), खुरदरापन (थिकनेस) व सफेद




पपड़ी (सिल्वरी स्केल) की अधिकता होना यह सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में भी होती है। आमतौर पर देखा जाता है कि हाथों की कोहनी में, पैर के घुटने पर, कमर में, सोरायसिस ज्यादा होने की सम्भावना होती है। नाखून की सोरायसिस में देखा जाता है कि नेल प्लेट पीली व मोटी हो जाती है एवं उसमें बिंदी बिंदी स्पॉट जिसको पिटिंग बोलते हैं , हो जाता है। सोरायसिस जोड़ों को भी प्रभावित करती है तो उसे सोरियोटिक आर्थराइटिस कहते है। यह छोटे ज्वाइंटस से शुरू होकर बड़े ज्वाइंटस को प्रभावित कर सकती है। इन्वर्स सोरायसिस एक प्रकार की अवस्था होती है इसमें अंदरूनी हिस्से जैसे अंडर आर्म, जांघ के हिस्सों में लाल चकत्ते दिखते हैं जिसमें खुजली व जलन होती है। सोरायसिस का इलाज व उपचार इस बात पर निर्भर करता है कि शरीर के किस हिस्से पर बीमारी ने कितना प्रभाव डला है। माइल्ड यानि कम प्रभाव होने पर इसमें मास्चराईजर्स और कई बार स्टीरायड क्रीम का इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। माडरेट यानि कुछ कम प्रभावी होने पर मास्चराईजर्स क्रीम के उपयोग के साथ टैबलेट खाने की सलाह दी जाती है जो कि स्किन स्पेशलिस्ट की देख देख में ही लेनी चाहिए।

सीवियर यानि गम्भीर स्थिति में बायोलोजिक उपचार की सलाह दी जाती है। सर या स्कल्प सोरायसिस के लिए विशेष प्रकार के लोशन या शैपू मरीज को इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है। इस बीमारी को जड़ से खत्म करना संभव नहीं होता है। यह कब ठीक होकर वापिस आ जाएगी कहना मुश्किल होता है। परन्तु इतना अवश्य कहा जा सकता है कि विशेषज्ञ की सलाह से इलाज करवाकर इसमें आराम मिल सकता है और अपनी जीवनशैली की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सकता है।

**सहारा इंडिया परिवार के वरिष्ठ सलाहकार श्री अनिल विक्रम सिंह जी ने बताया कि हमारे माननीय अभिभावक 'सहाराश्री' जी की प्रेरणा से विश्वस्तरीय सहारा हॉस्पिटल में हर प्रकार की सोरायसिस के लिए अच्छा इलाज उपलब्ध है और हमारे स्किन विभाग में संबंधित सोरायसिस की जो भी समस्या है उसका उचित समाधान व इलाज हमारे कुशल चिकित्सकों द्वारा किया जाता है। सहारा हॉस्पिटल लखनऊ अपनी सेवाएं निरंतर प्रदान करके मरीज को लाभान्वित कर रहा है।**

- **यह पुरुषों और महिलाओं में किसी को भी हो सकती है**
- **सोरायसिस का कोई निश्चित कारण नहीं होता है कि किस वजह से यह बीमारी हो रही है**
- **यह बीमारी ब्लड प्रेशर, डायबिटीज व डिप्रेशन के शिकार लोगों में ज्यादा हो सकती है।**
- **सोरायसिस का इलाज व उपचार इस बात पर निर्भर करता है कि शरीर के किस हिस्से पर बीमारी ने कितना प्रभाव डाला है।**

**सहारा हॉस्पिटल के चर्म रोग विशेषज्ञ डाक्टर विपुल गुप्ता ने बताया कि लाल , मोटे सफेद पपड़ी वाले निशान सोरायसिस की निशानी हैं और उनमें कई बार भारी खुजली भी होती है। इसका इलाज अमूमन इस बात पर निर्भर करता है कि बीमारी कितनी गम्भीर रूप में है और शरीर के कितने हिस्से को प्रभावित कर चुकी है।**

# 4.5 अरब वर्ष पुरानी सहारा अंतरिक्ष चट्टान

## प्रारंभिक सौरमंडल की देती है अहम जानकारी

**कैनबरा (द कन्वरसेशन)**। मई 2020 में, दक्षिणी अल्जीरिया में सहारा रेगिस्तान के रेत के टीलों से युक्त क्षेत्र एर्ग चेच में विशिष्ट हरे क्रिस्टल वाली कुछ असामान्य चट्टानें पाई गईं। बारीकी से निरीक्षण करने पर पता चला कि ये चट्टानें बाहरी अंतरिक्ष से निकले सौरमंडल के शुरुआती अरबों वर्ष पुराने मलबे का ढेर हैं। वे सभी एर्ग चेच 002 नामक उल्कापिंड के टुकड़े थे, जो अब तक पाई गई सबसे पुरानी ज्वालामुखीय चट्टान है, और बहुत पहले किसी लुप्त हो चुके प्राचीन प्रोटोप्लैनेट की आग में पिघल गई थी।



नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित एक नए अध्ययन में, एर्ग चेच 002 में सीसा और यूरेनियम आइसोटोप का विश्लेषण किया तथा गणना की कि यह लगभग 4.56556 अरब वर्ष पुराना है। यह अंतरिक्ष से किसी वस्तु के लिए अब तक की गई सबसे सटीक समयावधि में से एक है - और हमारे परिणाम प्रारंभिक सौरमंडल के बारे में कुछ सामान्य धारणाओं पर भी संदेह पैदा करते हैं।

**एल्युमीनियम का गुप्त जीवन**- लगभग 4.567 अरब वर्ष पहले, हमारा सौरमंडल गैस और धूल के एक विशाल बादल से बना था। इस बादल में कई तत्वों में एल्युमीनियम था, जो दो रूपों में आया था। पहला है स्थिर रूप-एल्युमीनियम-27 तथा दूसरा एल्यूमीनियम-26 है, एक रेडियोधर्मी आइसोटोप जो मुख्य रूप से विस्फोटित तारों द्वारा निर्मित होता है, जो समय के साथ मैग्नीशियम-26 में विघटित हो जाता है।

एल्युमीनियम-26 उन वैज्ञानिकों के लिए बहुत उपयोगी सामग्री है जो यह समझना चाहते हैं कि सौरमंडल कैसे बना और विकसित हुआ। क्योंकि समय के साथ इसका क्षय हो जाता है, हम इसका उपयोग घटनाओं की तारीख तय करने के लिए कर सकते हैं - विशेष रूप से सौरमंडल के जीवन के पहले चालीस लाख या पचास लाख वर्षों के भीतर।

एल्युमीनियम-26 का क्षय एक अन्य कारण से भी महत्वपूर्ण हैः माना जाता है कि यह प्रारंभिक सौरमंडल में गर्मी का मुख्य स्रोत था। इस क्षय ने छोटी, आदिम चट्टानों के पिघलने को प्रभावित किया जो बाद में ग्रहों का निर्माण करने के लिए आपस में जुड़ गईं।

**यूरेनियम, सीसा और आयु**- हालाँकि, अतीत को समझने के लिए एल्युमीनियम-26 का उपयोग करने के लिए, हमें यह जानना होगा कि क्या यह चारों ओर समान रूप से फैला हुआ था या कुछ स्थानों पर दूसरों की तुलना में अधिक सघनता से एक साथ जुड़ा हुआ था।

इसका पता लगाने के लिए, कुछ प्राचीन अंतरिक्ष चट्टानों की पूर्ण आयु की अधिक सटीक गणना करने की आवश्यकता होगी। अकेले एल्युमीनियम-26 को देखने से हम ऐसा नहीं कर पाएंगे, क्योंकि यह अपेक्षाकृत तेजी से क्षय होता है (लगभग 705,000 वर्षों के बाद, एल्युमीनियम-26 का आधा नमूना मैग्नीशियम-26 में क्षय हो चुका होगा)।

यह विभिन्न वस्तुओं की सापेक्ष आयु निर्धारित करने के लिए उपयोगी है, लेकिन वर्षों में उनकी पूर्ण आयु निर्धारित करने के लिए नहीं।लेकिन अगर हम एल्युमीनियम-26 डेटा को यूरेनियम और सीसे के डेटा के साथ जोड़ दें, तो हम कुछ प्रगति कर सकते हैं। यूरेनियम के दो महत्वपूर्ण समस्थानिक (यूरेनियम-235 और यूरेनियम-238) हैं, जो सीसे के विभिन्न समस्थानिकों (क्रमशः सीसा-207 और सीसा-206) में विघटित हो जाते हैं। यूरेनियम आइसोटोप का आधा जीवन बहुत लंबा होता है (क्रमशः 71 करोड़ वर्ष और 4.47 अरब वर्ष), जिसका अर्थ है कि हम उनका उपयोग सीधे यह पता लगाने के लिए कर सकते हैं कि कोई घटना कितने समय पहले हुई थी।

**उल्कापिंड समूह**- एर्ग चेच 002 को 'बिना समूह वाले एकॉन्ड्राइट' के रूप में जाना जाता है। एकॉन्ड्राइट पिघले हुए ग्रह अणुओं से बनी चट्टानें हैं, जिन्हें हम गैस और मलबे के बादल में ठोस गांठ कहते हैं जिससे सौरमंडल का निर्माण हुआ। पृथ्वी पर पाए जाने वाले कई एकॉन्ड्राइट के स्रोतों की पहचान कर ली गई है।

**सहारा रेगिस्तान के रेत के टीलों से युक्त क्षेत्र एर्ग चेच में विशिष्ट हरे क्रिस्टल वाली कुछ असामान्य चट्टानें पाई गईं। बारीकी से निरीक्षण करने पर पता चला कि ये चट्टानें बाहरी अंतरिक्ष से निकले सौरमंडल के शुरुआती अरबों वर्ष पुराने मलबे का ढेर हैं।**

- **वे सभी एर्ग चेच 002 नामक उल्कापिंड के टुकड़े थे, जो अब तक पाई गई सबसे पुरानी ज्वालामुखीय चट्टान है**
- **एर्ग चेच 002 में सीसा और यूरेनियम आइसोटोप का विश्लेषण किया तथा गणना की कि यह लगभग 4 .56556 अरब वर्ष पुराना है। यह अंतरिक्ष से किसी वस्तु के लिए अब तक की गई सबसे सटीक समयावधि में से एक है**
- **4.567 अरब वर्ष पहले, हमारा सौरमंडल गैस और धूल के एक विशाल बादल से बना था। इस बादल में कई तत्वों में एल्युमीनियम था, जो दो रूपों में आया था**



## आलिया के साथ काम करना चाहते है सनी देओल

मुझे आलिया भट्ट बहुत पसंद हैं। उनके साथ फिल्म करना दिलचस्प होगा।


मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल, अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ काम करना चाहते है। सनी देओल इन-दिनों फिल्म गदर 2 को लेकर चर्चा में है। गदर 2 ने बॉक्स ऑफिस पर 460 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। दर्शक गदर 2 में सनी देओल और अमीषा पटेल की जोड़ी को काफी पसंद कर रहे है। सनी देओल से पूछा गया कि वह किस अभिनेी के साथ काम करना चाहेंगे। जवाब में, सनी देओल ने आलिया भट्ट का नाम लिया है। उन्होंने कहा, मुझे आलिया भट्ट बहुत पसंद है। उनके साथ फिल्म करना दिलचस्प होगा। मै हीरो-हीरोइन के रूप में नहीं कह रहा हूं, मै बात कर रहा हूं कि यह बेटी-पिता की तरह कुछ भी हो सकता है।



## कभी हार न मानने का जज्बा

**मुंबई (आईएएनएस)**। सुपरस्टार अल्लू अर्जुन, जो 'पुष्पा : द रूल' की तैयारी कर रहे हैं, ने कहा कि यह फ्रेंचाइजी उनकी अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है और इसमें उन्हें अपने किरदार का कभी हार न मानने वाला एटीट्यूड पसंद आया है। स्टार ने दुनिया के सबसे ज्यादा फॉलो किए जाने वाले इंस्टाग्राम अकाउंट पर रील में अपने काम और जीवन की एक झलक साझा की। जब वह 'पुष्पा : द रूल' के सेट पर पहुंचते हैं तो दर्शकों को अपने घर, कार्यालय और यहां तक कि अपनी कार में भी आने देते हैं। सेट पर रहते हुए एक्टर खुद को एक मासूम से साहसी पुष्पा राज में बदल लेते हैं। निर्देशक सुकुमार अंडर-प्रोडक्शन सीक्वल के एक सीन में अल्लू अर्जुन को निर्देशित करते हुए दिखाई दे रहे हैं। अल्लू अर्जुन ने कहा, मैंने लगभग 20 फिल्में की हैं। पुष्पा मेरी 20वीं फिल्म है और यह अब तक की सबसे बड़ी फिल्म है। इस किरदार के बारे में एक बात है जो मुझे वास्तव में पसंद है - उसका कभी हार न मानने वाला एडिट्यूड । 2021 में रिलीज हुई 'पुष्पा- द राइज' ने बॉक्स ऑफिस पर ऐतिहासिक लहर पैदा कर दी थी। फिल्म ने अपने आइकॉनिक डायलॉग्स, स्टोरी लाइन और म्यूजिक से पूरे देश में धूम मचा दी थी। इसका इंस्टाग्राम पर भी जबरदस्त ट्रेंड रहा। लोगों ने फिल्मी गानों पर डांस किया और पुष्पा राज के डायलॉग्स की कॉपी की। उनकी अपनी फैन फॉलोइंग है। अल्लू अर्जुन ने अपने फैंस के बारे में कहा, भारत में फैंस बाकी दुनिया से बहुत अलग हैं। आपको इसे वास्तविक रूप से देखना होगा, मैं समझा नहीं सकता।

**अल्लू अर्जुन को 'पुष्पा' में सबसे ज्यादा आया पसंद**




## रिलीज से पहले वैष्णो देवी के दर पर पहुंचे शाहरुख

**जम्मू (भाषा)**। सुपरस्टार शाहरुख खान ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'जवान' की रिलीज से पहले जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में त्रिकुटा पर्वत पर स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। एक अधिकारी ने बताया कि शाहरुख (58) मंगलवार देर रात मंदिर पहुंचे थे। उन्होंने कहा, 'सुपरस्टार मंगलवार शाम को कटरा आधार शिविर पहुंचे और वे रात करीब 11 बजकर 40 मिनट पर नए ताराकोट मार्ग से मंदिर पहुंचे। उन्होंने पूजा-अर्चना की और उसके तुरंत बाद चले गए।' सोशल मीडिया पर प्रसारित एक छोटे-से वीडियो में मंदिर में अभिनेता को नीले रंग की जैकेट पहने हुए देखा गया और उनका चेहरा पूरी तरह ढंका हुआ था। वीडियो में वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अधिकारियों, कुछ पुलिसकर्मियों और अभिनेता के निजी कर्मियों को भी देखा जा सकता है। यह नौ महीने में दूसरी बार है जब शाहरुख ने वैष्णो देवी के दर्शन किए हैं। उन्होंने अपनी ब्लॉकबास्टर फिल्म 'पठान' की रिलीज से पहले दिसम्बर 2022 में भी मंदिर के दर्शन किए थे।




## ड्रीमगर्ल 2 ने 50 करोड़ कमाए

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 ने 50 करोड़ की कमाई कर ली है। आयुष्मान इन दिनों अपनी सुपरहिट फिल्म ड्रीम गर्ल के सीक्वल ड्रीम गर्ल 2 को लेकर चर्चा में है। ड्रीम गर्ल 2 में अनन्या पांडे की भी अहम भूमिका है। ड्रीमगर्ल 2 ,25 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। 'ड्रीम गर्ल 2' में एक बार फिर आयुष्मान खुराना पूजा के किरदार में दर्शकों को पसंद आ रहे है। ड्रीम गर्ल 2 के सामने गदर 2 और ओएमजी 2 जैसी बड़ी फिल्में मुकाबले में खड़ी है।



## भाई-बहन के प्यार को दर्शाते टीवी शो

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भाई-बहन के प्यार और सौहार्द का त्योहार रक्षाबंधन भारत में धूमधाम से मनाया जाता है। कई टीवी शोज ऐसे है, जिनमें भाई-बहनों का प्यार दिखाया जाता है, जिनमें भाई-बहन के बंधन के सार को दर्शाया गया है। जिससे हमें पता चलता है कि चाहे कितनी भी मुश्किलें क्यों न हों, भाई-बहन हमेशा एक-दूसरे का समर्थन करते हैं। 'अनुपमा'- लोकप्रिय शो 'अनुपमा' न केवल एक मध्यम वगीय परिवार और प्रमुख महिला अनुपमा (रूपाली गांगुली द्वारा अभिनीत) की चुनौतियों पर प्रकाश डालता है, बल्कि भाई-बहनों के बीच के रिश्ते को भी दिखाता है। पाखी, तोशु और समर, तीन भाई-बहन के बीच प्यारा बंधन हैं जो प्यार, प्रतिद्वंद्विता और अटूट समर्थन का मिश्रण है।

उनके व्यक्तिगत संघर्ष और साझा क्षण भाई-बहन के रिश्ते की बारीकियों को खूबसूरती से चित्रित करते हैं। यह स्टार प्लस पर प्रसारित होता है। 'वीर की अरदास वीरा'- 'वीर की अरदास वीरा' वीरा और रणविजय के बीच भाई-बहन के अटूट बंधन को खूबसूरती से चित्रित करता है। कहानी में रणविजय एक नवजात को गले लगाता है और उसका नाम वीरा रखता है, और निस्वार्थ भाव से एक मां की तरह उसका पालन-पोषण करता है। जैसे-जैसे समय बीतता है, वह उसकी शिक्षा और पालन-पोषण सुनिश्चित करने के लिए उसे शहर भेजने का कदम उठाता है। भाई की इस मेहनत के चलते वीरा एक उत्साही और निडर युवा महिला बनती है। एपिसोड डिज्नी हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो रहे हैं। 'श्रावणी'- शो में श्रावणी नाम की एक मजबूत लड़की की कहानी बताती है, जो अपनी चालाक ताईजी, चंद्रा द्वारा निर्धारित चुनौतियों का सामना करती है। चंद्रा का भाई वीरेन उसका सहारा है। शो में दिखाया गया है कि कैसे भाई-बहन के रूप में चंद्रा और वीरेन का बंधन अटूट है। वीरेन अपनी बहन के साथ खड़ा है और उसकी सभी बुरी साजिशों में उसका दाहिना हाथ है। उनकी कहानी दिखाती है कि कठिन समय का सामना करते हुए भी भाई-बहन का रिश्ता कितना मजबूत हो सकता है। यह शेमारू उमंग पर प्रसारित होता है। 'अंबर धरा'- शो जुड़वां बच्चों अंबर और धारा के जीवन पर केंद्रित थी। इन जुड़वा बच्चों का न केवल लिवर एक जैसा होता है बल्कि कूल्हे भी आपस में जुड़े होते हैं। यह शो बहनों के बीच मजबूत और अटूट बंधन को खूबसूरती से दर्शाता है, यह दर्शाता है कि चुनौतियों के सामने भी उनका रिश्ता कैसे दृढ है।





## संक्षिप्त खबरें

### आइनॉक्स आईपीओ लाएगी

नई दिल्ली। आइनॉक्स इंडिया ने आईपीओ के जरिये धन जुटाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास दस्तावेजों का मसौदा जमा कराया है। क्रायोजेनिक टैंक बनाने वाली कंपनी द्वारा दाखिल दस्तावेजों के मसौदे के अनुसार, आईपीओ पूरी तरह कंपनी के मौजूदा प्रवर्तकों और शेयरधारकों की ओर से बिक्री पेशकश (ओएफएस) के रूप में होगा। आईपीओ के तहत 2.21 करोड़ शेयर बेचे जाएंगे। ओएफएस के तहत शेयरों की पेशकश करने वालों में सिद्धार्थ जैन, पवन जैन, नयनतारा, इशिता, मंजू जैन शामिल हैं।

### फोनपे शेयर ब्रोकर बनी

बेंगलुरु। डेकाकॉर्न वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी फोनपे शेयर ब्रोकिंग खंड में उतर गई है। फोनपे ने इसके लिए एक बाजार मंच शुरू किया है। डेकाकॉर्न से आशय ऐसी स्टार्टअप कंपनी से है जिसका बाजार मूल्यांकन 10 अरब डालर से अधिक है। उज्ज्वल जैन इस नए मंच शेयर.मार्केट के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) होंगे। फोनपे के संस्थापक और सीईओ समीर निगम ने कहा कि शेयर ब्रोकिंग खंड में उतरने के साथ कंपनी ने अपना वित्तीय सेवा पोर्टफोलियो पूरा कर लिया है। उन्होंने कहा, 'हमें एक ब्रांड के रूप में शेयर.मार्केट मिला है।'

### कॉनकोर को बड़ा आर्डर

मुंबई। वाहन निर्माता ब्लू एनर्जी मोटर्स ने कहा है कि उसे कंटेनर कार्पोरेशन आफ इंडिया लिमिटेड (कॉनकोर) से 100 एलएनजी (तरलीकृत प्राकृतिक गैस) ट्रक की आपूर्ति का आर्डर मिला है। यह जानकारी कंपनी के सूत्रों ने दी। कंपनी के एक अधिकारी ने कहा कि यह आर्डर देश में स्वच्छ ईधन पर आधारित ट्रक परिवहन के क्षेत्र में ब्लू एनर्जी मोटर्स की महत्वपूर्ण भूमिका का एक नमूना है। कॉनकोर रेलवे मंत्रालय के तहत आने वाला एक नवरत्न सार्वजनिक उपकरण है, जो देश भर में मल्टीमोडल (रेल, ट्रेक) कंटेनर लॉजिस्टिक सेवा प्रदान करने वाली बड़ी कंपनी है।

### बहल ने भारतपे छोड़ी

नई दिल्ली। वित्तीय प्रौद्योगिकी मंच भारतपे के मुख्य कारोबार अधिकारी (सीबीओ) ध्रुव धनराज बहल चार साल बाद कंपनी छोड़ रहे हैं। कंपनी ने इसकी पुष्टि की है। हाल में गुरुग्राम की कंपनी के कई शीर्ष अधिकारियों ने पद छोड़ा है। बहल 2020 में परिचालन प्रमुख के रूप में कंपनी में शामिल हुए था। बाद में उन्हें मुख्य परिचालन अधिकारी के रूप में पदोन्नत किया गया। उसके बाद कारोबारी कर्ज को लेकर उन्हें सीबीओ बनाया गया। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा, 'बहल अपने उद्यममिता के जुनून को आगे बढ़ाने के लिए भारतपे से हट रहे हैं।(एजेंसी)

# चिनाब घाटी के राजमा और शहद को मिला जीआई तमगा

■ भद्रवाह के राजमा और सुलाई के शहद को मिला है यह दर्जा ■ मोदी ने ब्रिटेन की महारानी एलिजाबेथ को भेंट किया था शहद

जम्मू (भाषा)।

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के प्रसिद्ध भद्रवाह राजमा (राजमा की एक किस्म) और रामबन के सुलाई शहद को भौगोलिक संकेतक (जीआई) का दर्जा मिल गया है। यह दोनों उत्पाद चिनाब घाटी क्षेत्र के हैं।

अधिकारियों ने कहा कि जीआई का दर्जा मिलने के बाद क्षेत्र के इन लोकप्रिय उत्पादों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) में राज्यमंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि इस फैसले से जम्मू-कश्मीर के इन उत्पादों को और लोकप्रिय बनाने में मदद मिलेगी। सिंह ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, 'उधमपुर-कठुआ-डोडा लोकसभा क्षेत्र के लिए और उपलब्धियां आ रही हैं।

बसोहली पेंटिंग के बाद भद्रवाह राजमा और रामबन सुलाई शहद को भौगोलिक संकेतक का दर्जा मिला है।' सिंह उधमपुर-कठुआ-डोडा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं।



जम्मू के संगठनों ने पिछले साल जम्मू क्षेत्र के विभिन्न जिलों से आठ अलग-अलग पारंपरिक वस्तुओं के लिए जीआई टैग के लिए आवेदन किया था। कृषि उत्पादन एवं कृषक कल्याण निदेशक (जम्मू) केके शर्मा ने कहा, 'डोडा और रामबन जिलों को दो भौगोलिक संकेतक मिले। एक भद्रवाह का राजमा है जिससे लाल सेम भी कहा जाता है। दूसरा शहद है। यह रामबन जिले का सुलाई शहद है। ये चिनाब घाटी के दो महत्वपूर्ण उत्पाद हैं।'

उन्होंने कहा कि ये उत्पाद क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास का माध्यम हैं। जीआई के दर्जे से किसानों की आय दोगुना करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में ब्रिटेन की अपनी यात्रा के दौरान महारानी एलिजाबेथ को जैविक सुलाई शहद उपहार में दिया था। शर्मा ने कहा कि विभाग ने इन उत्पादों के लिए भौगोलिक संकेतक की प्रक्रिया शुरू की थी। अंततः मंगलवार को इसकी अनुमति मिल गई।

भौगोलिक संकेतक या जीआई टैग एक दर्जा है जो किसी विशेष उत्पाद को मिलता है। यह किसी विशेष भौगोलिक क्षेत्र या मूल देश को निर्दिष्ट करता है।

यह दर्जा ऐसे उत्पादों के तीसरे पक्ष द्वारा दुरुपयोग को रोकता है।



### सेंसेक्स में मामूली बढ़त

मुंबई (भाषा)।

घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को शुरुआती तेजी बरकरार नहीं रह पाई और दोनों मानक सूचकांक बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी लगभग स्थिर बंद हुए। वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख का असर शेयर बाजार पर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 11.43 अंक यानी 0.02 प्रतिशत की बढ़त के साथ 65,087.25 अंक पर बंद हुआ।

इसी प्रकार, 50 शेयरों पर आधारित नेशनल स्टाक एक्सचेंज का निफ्टी भी 4.80 अंक यानी 0.02 प्रतिशत के मामूली लाभ के साथ 19,347.45 अंक पर बंद हुआ। एशिया के बाजारों में मिला-जुला रुख रहा जबकि यूरोप के ज्यादातर प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में गिरावट रही।

# तेल कंपनियों को अब नहीं मिलेगी सब्सिडी

■ तेल कंपनियों को उठाना पड़ सकता है एलपीजी सस्ती करने का बोझ

नई दिल्ली (भाषा)।

पेट्रोलियम कंपनियों की चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों में बंपर कमाई और कच्चे तेल के अपने उच्चतम स्तर से नीचे आने के बीच अनुमान जताया जा रहा है कि एलपीजी कीमतों में हुई 200 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती का बोझ सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां उठा सकती है। सूत्रों ने संकेत दिया कि इसके लिए सरकार संभवतः कोई सब्सिडी नहीं देगी।

सरकार ने मंगलवार को आम लोगों पर महंगाई के असर को कम करने और आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी द्वारा किए गए सस्ते एलपीजी सिलेंडर के वादे का मुकाबला करने के लिए घरेलू रसोई गैस की कीमतों में 200 रुपए प्रति सिलेंडर की कटौती की थी। सरकार और उद्योग सूत्रों ने कहा कि सरकारी तेल कंपनियों इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम ने अप्रैल-जून तिमाही में बंपर कमाई की और उसके बाद भी यह सिलसिला जारी है। इसके अलावा, घरेलू एलपीजी दरों को जिस कीमत पर तय किया जाता है, वह मार्च 2023 में 732 अमेरिकी डालर प्रति टन से घटकर इस साल जुलाई में 385 अमेरिकी डालर रह गई।

■ चालू वित्त वर्ष के पहले पांच माह में तेल कंपनियों ने की है बंपर कमाई
■ अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें आधी रह जाने के बावजूद नहीं घटाए थे दाम



उन्होंने कहा कि अगस्त में दरें बढ़कर 464 अमेरिकी डालर प्रति टन हो गई है, लेकिन फिर भी तेल कंपनियों के पास एलपीजी की कीमतों में कटौती करने की पर्याप्त गुंजाइश है। तेल मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने बुधवार को एक टेलीविजन चैनल से बातचीत कहा था कि तीन तेल विपणन कंपनियों ने 'अच्छे कॉरपोरेट नागरिक' के रूप में कीमतों में कटौती की और अप्रैल-जून तिमाही के 'बहुत अच्छे मुनाफे' का लाभ दिया। उन्होंने हालांकि सरकार के इस निर्णय के लिए सब्सिडी देने के बारे में पूछे गए सवालों का सीधा जवाब नहीं दिया।

### धारावी पुनर्विकास परियोजना में अडाणी को अनुचित लाभ नहीं दिया गया : सरकार

मुंबई (भाषा)।

महाराष्ट्र सरकार ने बंबई उच्च न्यायालय से कहा है कि मुंबई में धारावी झोपड़पट्टी पुनर्विकास परियोजना के लिए 2022 में जारी की गई नई निविदा पूरी तरह पारदर्शी थी और सबसे ऊंची बोली लगाने वाले अडाणी समूह को इसमें अनुचित लाभ नहीं दिया गया था।

सरकार ने इस महीने की शुरुआत में यूएई की कंपनी सेकलिंक द्वारा दायर एक याचिका के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया था। यूएई की कंपनी ने अडाणी प्रापर्टीज प्राइवेट लि. को परियोजना का ठेका देने के सरकार के फैसले को चुनौती दी थी। हलफनामे में कहा गया है, 'याचिकाकर्ता ने बिना किसी आधार के राजनीति से प्रेरित होने निराधार आरोप लगाए हैं। इस रिट याचिका लागत के साथ खारिज किया जाना चाहिए।'

मुख्य न्यायाधीश डीके उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ बृहस्पतिवार को याचिका पर सुनवाई करेगी। राज्य के आवास विभाग के उप-सचिव द्वारा दायर हलफनामे में कहा गया है कि याचिकाकर्ता कंपनी ने पुरानी निविदा को रद्द करने के बारे में 'झूठे और निराधार' आरोप लगाए हैं। हम ये आरोप खारिज करते हैं।

# शुल्क अदा कर चुके निर्यातक कर सकेंगे चावल निर्यात

नई दिल्ली (भाषा)।

सरकार ने कहा है कि चावल के निर्यात पर पाबंदी लगाने वाली अधिसूचना जारी होने के पहले निर्यात शुल्क जमा कर चुके निर्यातकों को अपनी खेप विदेश भेजने की अनुमति होगी।

सरकार ने 20 जुलाई को जारी अधिसूचना में गैर-बासमती चावल के निर्यात पर रोक लगाने की घोषणा की थी। घरेलू बाजार में इस चावल की उपलब्धता बढ़ाने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। इस पाबंदी को अधिसूचित करते समय विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने कुछ विशेष स्थितियों में चावल निर्यात की मंजूरी का जिक्र किया था। डीजीएफटी ने 29 अगस्त को जारी अधिसूचना में कहा है कि पुरानी अधिसूचना में कुछ रियायत देते हुए गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की उस स्थिति में मंजूरी दी जा रही है जब 20 जुलाई को रात नौ बजकर 57 मिनट के पहले निर्यात शुल्क का भुगतान किया जा चुका हो।

इसके मुताबिक, निर्यातक ने अपनी खेप सीमा-शुल्क विभाग को 20 जुलाई की तारीख को रात नौ बजकर 57 मिनट के पहले सौंप दी है और उसे निर्यात के लिए सीमा-शुल्क प्रणाली में दर्ज कर लिया गया है तो फिर उस खेप का निर्यात किया जा सकता है। हालांकि, निर्यात की यह छूट सिर्फ 30 अक्टूबर तक के लिए ही होगी।

### यूट्यूब ने 19 लाख वीडियो हटाए

नई दिल्ली (भाषा)। लोकप्रिय वीडियो स्ट्रीमिंग मंच यूट्यूब ने इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान भारत में सामुदायिक मानदंडों के उल्लंघन पर 19 लाख से अधिक वीडियो हटा दिए थे। यह आंकड़ा किसी भी अन्य देश में मंच से हटाए गए वीडियो के मुकाबले अधिक है। यूट्यूब की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। समीक्षाधीन तिमाही में यूट्यूब ने वैश्विक स्तर पर सामुदायिक मानदंडों का उल्लंघन करने पर 64.8 लाख से अधिक वीडियो हटाए थे। इनमें 19 लाख से अधिक वीडियो भारत के ही रहे।

# इंडियन बैंक के बोर्ड ने पूंजी जुटाने की मंजूरी दी

■ क्यूआईपी के जरिए 4000 करोड़ रुपए जुटाएगा बैंक

चेन्नई (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र के इंडियन बैंक ने बुधवार को कहा कि निदेशकों की समिति ने 4,000 करोड़ रुपए तक इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी दी है।

बैंक ने कहा कि पूंजी योग्य संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) के जरिए एक या अधिक चरणों में जुटाई जाएगी। इसके लिए जरूरी मंजूरियां ली जानी हैं। इंडियन बैंक ने शेयर बाजार को बताया, 'पूंजी जुटाने के लिए निदेशकों की समिति ने 30 अगस्त को हुई अपनी बैठक में योग्य संस्थागत नियोजन के जरिए कुल 4,000 करोड़ रुपए (प्रीमियम सहित) तक की इक्विटी पूंजी जुटाने को मंजूरी दी है।'

फंसे हुए कर्ज या एनपीए में कमी के कारण अप्रैल-जून 2023 तिमाही में इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 41 प्रतिशत बढ़कर 1,709 करोड़ रुपए हो गया था।

### आईआईटी-खड़गपुर के संचालन मंडल के चेयरपर्सन बने नरेंद्रन

कोलकाता (भाषा)।

टाटा स्टील लिमिटेड के सीईओ और प्रबंध निदेशक टीवी नरेंद्रन को आईआईटी-खड़गपुर के संचालन मंडल का नया चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

आईआईटी-खड़गपुर के निदेशक वीके तिवारी ने कहा कि तकनीकी और औद्योगिक क्षेत्र के दिग्गज नरेंद्रन समाज की जरूरतों को समझते हैं और वह जानते हैं कि एक तकनीकी संस्थान के साथ उद्योग-अकादमिक एकीकरण का व्यावहारिक प्रभाव क्या होगा।'

# बेंगलुरू में नए टर्मिनल से अंतरराष्ट्रीय उड़ानें आज से

बेंगलुरु (भाषा)। केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे बेंगलुरु (बीएलआर एयरपोर्ट) के नवर्निमित टर्मिनल-दो से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन 31 अगस्त से शुरू होने जा रहा है।



बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लि. (बायल) ने बुधवार को बयान में कहा कि सिंगापुर से बेंगलुरु के बीच सिंगापुर एयरलाइंस की उड़ान के यात्री सबसे पहले नए टर्मिनल के अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र का अनुभव कर पाएंगे। इसके साथ ही टर्मिनल-दो से पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान भरने वाला भारतीय विमान इंडिगो का होगा जो कोलंबो के लिए रवाना होगा। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का आगमन और प्रस्थान 31 अगस्त सुबह 10 बजकर 45 मिनट से टर्मिनल-एक के बजाए टर्मिनल-दो से शुरू हो जाएगा। इस टर्मिनल से 27 एयरलाइंस (25 अंतरराष्ट्रीय और दो भारतीय) की 30 से 35 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रोजाना प्रस्थान करेंगी।

बायल के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) हरि मरार ने कहा, 'टर्मिनल-दो से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों का परिचालन शुरू करने के साथ ही बेंगलुरु हवाईअड्डा एक और उपलब्धि हासिल कर लेगा। अंतरराष्ट्रीय विमानों का परिचालन केवल टर्मिनल-दो से ही किया जाएगा, जबकि घरेलू उड़ानों का परिचालन टर्मिनल-एक और दो के बीच विभाजित हो जाएगा।'

### पीएनबी ने छोटे उद्यमों के लिए लोन ऐप पेश किया

नई दिल्ली (भाषा)।

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने बुधवार को कहा कि उसने जीएसटी सहाय योजना पर आधारित एक मोबाइल एप्लिकेशन पेश किया है। इसके जरिये जीएसटी चालान का उपयोग करके ऋण दिया जा सकता है।

बैंक ने एक बयान में कहा, इस एकीकरण के साथ, पीएनबी जीएसटी चालान का उपयोग कर एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) को कर्ज लेने की आसान सुविधा देने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बन गया है। यह पहल देश में एमएसएमई क्षेत्र और डिजिटल कर्ज परिवेश के विकास को आगे बढ़ाने की बैंक की रणनीति के अनुरूप भी है।

# इंडिगो के इंजन में खराबी का मूल्यांकन

नई दिल्ली (भाषा)।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) किफायती एयरलाइन इंडिगो के साथ मिलकर उसके दो विमानों के इंजन में मंगलवार को पैदा हुई समस्या का 'तकनीकी मूल्यांकन' कर रहा है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

इंडिगो के दो विमानों के इंजन में मंगलवार को उड़ान के दौरान समस्या पैदा हो गई थी। एक उड़ान कोलकाता से बेंगलुरु जा रही थी जबकि दूसरी उड़ान मदुरै से मुंबई की थी। एयरलाइन ने बयान में कहा कि कोलकाता-बेंगलुरु उड़ान संख्या 6ई 455 में उड़ान भरने के बाद तकनीकी समस्या होने पर विमान को वापस कोलकाता में उतारा गया। इस दौरान पायलट ने निर्धारित परिचालन प्रक्रिया का पालन करते हुए विमान को कोलकाता में सुरक्षित उतार दिया। इंडिगो के मुताबिक, मंगलवार को ही मदुरै-मुंबई उड़ान संख्या 6ई-2012 में भी लैंडिंग के पहले तकनीकी समस्या पैदा हो गई। पायलट ने एहतियात बरतते हुए विमान को मुंबई में उतार दिया। अब इस विमान को जरूरी रखरखाव के बाद ही दोबारा परिचालन में लाया जाएगा। डीजीसीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को कहा कि इन दोनों घटनाओं के संज्ञान में आने के बाद एयरलाइन के साथ मिलकर इस प्रकरण का तकनीकी मूल्यांकन किया जा रहा है।




इंडिगो के विमानों में प्रैट एंड व्हिटनी (पी एंड डब्ल्यू) कंपनी के इंजन का इस्तेमाल होता है। एयरलाइन के बेड़े में जून के अंत में 316 विमान मौजूद थे।

### अहमदाबाद मेट्रो से टीटागढ़ रेल सिस्टम को मिला ठेका

कोलकाता (भाषा)।

टीटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड (टीआरएल) को स्टैंडर्ड गेज के डिब्बों के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति एवं परीक्षण के लिए गुजरात मेट्रो रेल निगम (जीएमआरसी) से 350 करोड़ रुपये का ठेका मिला है।

टीआरएल के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को कहा कि इस अनुबंध के तहत जीएमआरसी की अहमदाबाद मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के लिए 30 स्टैंडर्ड गेज कोच का विनिर्माण और आपूर्ति की जाएगी। इन डिब्बों से अहमदाबाद मेट्रो के लिए तीन-तीन कोच की 10 मेट्रो ट्रेन तैयार की जाएंगी। पहले टीटागढ़ वैगंस के नाम से जानी जाने वाली टीआरएल ने कहा, 'इस परियोजना के लिए मेट्रो कोच के प्रोटोटाइप का निर्माण 70 सप्ताह में किया जाएगा।

# स्टैंडर्ड चार्टर्ड देगा 20 हफ्ते का पितृत्व अवकाश

मुंबई (भाषा)। ब्रिटिश कर्जदाता स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक ने बुधवार को दुनियाभर में कार्यरत अपने कर्मचारियों को पिता बनने और बच्चा गोद लेने की स्थिति में 20 सप्ताह तक का अवकाश दिए जाने की घोषणा की। बैंक ने एक बयान में इसे अपनी समावेशी पहल का हिस्सा बताते हुए कहा कि कर्मचारियों को 20 हफ्ते के इस पिता बनने एवं बच्चा गोद लेने की स्थिति में अवकाश देने की सुविधा पर उनके लिंग, वैवाहिक स्थिति या बच्चे के परिवार का हिस्सा बनने के तरीके पर कोई असर नहीं पड़ेगा। बैंक ने कहा कि भारत में उसकी महिला कर्मचारियों को 26 सप्ताह का मातृत्व अवकाश पहले की ही तरह मिलता रहेगा।

दुनियाभर में स्टैंडर्ड चार्टर्ड के कर्मचारियों की संख्या करीब 83,000 है। इनमें से करीब 30,000 कर्मचारी भारत में कार्यरत हैं जिनमें से 20,000 पुरुष कर्मचारी हैं। बैंक ने कहा कि पितृत्व एवं दत्तक-ग्रहण के अवकाश में बढोतरी का लाभ कर्मचारियों को एक सितम्बर से मिलने लगेगा। यह फैसला लागू होने पर कर्मचारियों को पिता बनने या बच्चा गोद लेने की स्थिति में 20 हफ्तों तक का वैतनिक अवकाश मिलेगा। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक की समूह प्रमुख (मानव संसाधन) तनुज कपिलाश्रमी ने कहा कि इस कदम से कर्मचारियों की पारिवारिक-आर्थिक स्थिति पर सकारात्मक असर पड़ेगा और अधिक समावेशी कार्यस्थल का निर्माण होगा।

# पीएलआई योजना की अवधि बढ़ाने का स्वागत

■ सरकार ने एक साल बढ़ा दी है इस योजना की अवधि



नई दिल्ली (भाषा)। सोसाइटी आफ इंडियन आटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) ने बुधवार को वाहन क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना को एक साल तक बढ़ाने के फैसले का स्वागत किया है।

वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल ने एक बयान में इस फैसले के लिए भारी उद्योग मंत्रालय को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 25,938 करोड़ रुपये की वाहन पीएलआई (उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन) योजना के विस्तार के लिए उद्योग के सुझावों को स्वीकार किया है। उन्होंने वित्तीय प्रोत्साहनों के तिमाही वितरण, तेजी से मंजूरी के लिए अधिक परीक्षण एजेंसियों का इंतजाम करने और उद्योग के अनुरोध पर पीएलआई लाभ को एक साल तक बढ़ाने के लिए' मंत्रालय की सराहना की।

### बजाज आलियांज ने किया मोटर बीमा दावे में गड़बड़ी का खुलासा

नई दिल्ली (एजेंसियां)। बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस ने हाल ही में एक संगठित मोटर बीमा धोखाधड़ी मामले का खुलासा किया है।

कंपनी की तरफ से यहां जारी बयान में कहा गया कि इस मामले पर यूपी के बुलंदशहर जिले में एफआईआर भी दर्ज कर ली गई है। एफआईआर में चार लोगों को आरोपी बनाया गया है जिसमें कहा गया है कि मोटर थर्ड-पार्टी बीमा का दावा एक रैकेट बनाकर किया जा रहा था। बड़े पैमाने पर की जा रही इस धोखाधड़ी का खुलासा बजाज आलियांज जनरल इंश्योरेंस द्वारा शुरू की गई जांच के दौरान सामने आया।

कंपनी ने कहा कि बीमा कराने वाली पार्टियों, ड्राइवरों और गारंटरों सहित एक ही व्यक्ति लगातार और आम तौर पर कई मोटर थर्ड पार्टी क्लेम में शामिल थे।

# 43 बड़े शहरों में घरों की कीमतों में इजाफा

■ देश के सात शहरों में घरों की कीमतों में दर्ज की गई है गिरावट

नई दिल्ली (भाषा)।

देश के 43 शहरों में 2023-24 की पहली तिमाही में घर महंगे हुए है। वहीं सात शहरों में आवासीय इकाइयों के दाम घटे है। राष्ट्रीय आवास बैंक (एनएचबी) ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आवास वित्त कंपनियों के नियामक ने कहा कि एनएचबी आवास मूल्य सूचकांक के मुताबिक आवास ऋण की दरें अब भी महामारी-पूर्व के स्तर से कम है। इस दौरान अहमदाबाद में संपत्ति की कीमतों में 9.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बेंगलुरु में 8.9 प्रतिशत और कोलकाता में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।

आवास मूल्य सूचकांक के अनुसार, चेन्नई में घरों के दाम में 1.1 प्रतिशत, दिल्ली में 0.8 प्रतिशत, हैदराबाद में 6.9 प्रतिशत, मुंबई में 2.9 प्रतिशत और पुणे में 6.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। बैंकों और आवास वित्त कंपनियों से जमा किए गए संपत्तियों के मूल्यांकन मूल्यों के आधार पर 50 शहरों के एचपीआई में 2023-24 की पहली तिमाही के दौरान 4.8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई।

एक साल पहले यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। इस दौरान सबसे अधिक 20.1 प्रतिशत की वृद्धि गुरु ग्राम में रही। वहीं सबसे अधिक गिरावट लुधियाना में (19.4 प्रतिशत) देखी गई।



# वीनस पहले दौर में उलटफेर का शिकार

## अमेरिकी ओपन में क्वालीफायर मिनेन ने दिया झटका



**आज का दिन बस दुर्भाग्यपूर्ण था...**

मुझे अपनी प्रतिद्वंद्वी को श्रेय देना होगा। ऐसा कोई शॉट नहीं था, जो वह नहीं लगा सकती थी। यहां तक कि जब मैं वास्तव में अद्भुत शॉट लगाती थी तो वह विनर या ड्रॉप शॉट खेल रही थी। मुझे नहीं लगता कि मैंने ख़राब खेला। मुझे लगता है कि आज का दिन बस दुर्भाग्यपूर्ण था।

**वीनस विलियम्स, पूर्व चैंपियन**


**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** अपने करियर का 100वां अमेरिकी ओपन मैच खेल रहीं 2000 और 2001 की चैंपियन वीनस विलियम्स को इस साल के संस्करण के शुरुआती दौर में क्वालीफायर ग्रीट मिनेन ने बाहर कर दिया है। बेल्जियम की क्वालीफायर मिनेन ने आर्थर ऐश स्टेडियम में महिला एकल मैच में दो बार की चैंपियन वीनस को 6-1, 6-1 से हराया। पूर्व विश्व नंबर एक विलियम्स अपने करियर में 24वीं बार घरेलू टूर्नामेंट अमेरिकी ओपन का मुख्य ड्रॉ खेल रही थीं। उन्होंने 2000 और 2001 में अपने घरेलू ग्रैंड स्लैम इवेंट में लगातार एकल खिताब जीते, जबकि वे पांच बार विंबलडन एकल खिताब भी जीत चुकी हैं।

वीनस हालांकि मंगलवार के मुकाबले में कोई दमखम नहीं दिखा सकीं और विश्व नंबर 97 मिनेन ने एक घंटे और 13 मिनट में उन्हें हरा दिया। इस बीच, पिछले साल की सेमीफाइनलिस्ट एरिना सबालेंका ने बेल्जियम की मरीना ज़ानेव्स्का को 6-3, 6-2 से हराकर दूसरे दौर में कदम रखा।

### एंडी मरे की 200वीं ग्रैंड स्लैम जीत

**न्यूयॉर्क।** पूर्व चैंपियन रूस के दानिल मेदवेदेव और उनके हमवतन आंद्रे रुबलेव ने अपने-अपने पहले चरण के मुकाबले जीतकर अमेरिकी ओपन 2023 के दूसरे दौर में प्रवेश कर लिया। मेदवेदेव ने हंगरी के एटिला बालाज़ को 6-1, 6-1, 6-0 से हराया। रुबलेव ने फ्रांस के आर्थर काज़ौक्स को 6-4, 7-6(5), 6-1 से मात दी। इस बीच, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव, ब्रिटेन के एंडी मरे और स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने दूसरे दौर में जगह बनाई। ज्वेरेव ने ऑस्ट्रेलिया के एलेक्जेंडर व्यूकिक को 6-4, 6-4, 6-4 से मात दी। मरे ने फ्रांस के कोरेंटिन मूटेट को 6-2, 7-5, 6-3 से हराकर बड़े 200वीं ग्रैंड स्लैम जीत दर्ज की।





# बाबर और इफ्तिखार के शतकीय प्रहार से पाक ने नेपाल को 238 रनों से रौंदा, शादाब भी चमके

## एशिया कप में पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत, आज होगा श्रीलंका का सामना बांग्लादेश से

**मुल्तान, एजेंसी।** एशिया कप 2023 की शुरुआत रिकॉर्ड जीत के साथ शानदार अंदाज में हुई। इस टूर्नामेंट का पहला मैच नेपाल और पाकिस्तान के बीच मुल्तान में खेला गया। इस मैच में पाकिस्तानी टीम के कप्तान बाबर आजम और इफ्तिखार अहमद ने शानदार शतक जमाए। इसके दम पर पाकिस्तान टीम ने 238 रनों के अंतर से रिकॉर्ड जीत दर्ज की।

मैच में नेपाल टीम को 343 रनों का टारगेट मिला था, जिसके जवाब में पूरी टीम 23.4 ओवर में 104 रनों पर ही ढेर हो गई। सोमपाल कामी ने 28, आरिफ शेख ने 26 और गुलशन झा ने 13 रन बनाए। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा नहीं छू सका।

### बाबर और इफ्तिखार के शतक

इस मैच में पाकिस्तान टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और 6 विकेट गंवाकर 342 रन बनाए। मैच में बाबर आजम ने एक बार फिर अपना ताबड़तोड़ अंदाज दिखाया और तूफानी शतक जमाया। बाबर ने 131 गेंदों पर 151 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने 67 गेंदों पर शतक पूरा किया था। बाबर के बाद इफ्तिखार अहमद ने भी अपना शतक पूरा किया। उन्होंने 67 गेंदों पर यह शतक जमाया। इफ्तिखार के करियर का यह पहला शतक रहा। उन्होंने मैच में 71 गेंदों पर 109 रनों की नाबाद पारी खेली।

### शादाब ने चटकाए चार विकेट

पाकिस्तान के लिए लेग स्पिनर शादाब खान ने 27 रन देकर 4 विकेट झटके, जबकि तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ ने 2-2 विकेट लिए।



अपनी शतकीय पारी के दौरान शॉट खेलते पाक क्रिकेटर बाबर आजम। इनसेट: शतक जड़ने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते इफ्तिखार अहमद।

### पाकिस्तान की अपने घर में रिकॉर्ड जीत

पाकिस्तान की यह अपने घर में रनों के लिहाज से वनडे फॉर्मेट में अपनी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले उसने 18 साल पहले इंग्लैंड को कराची वनडे में 165 रनों के अंतर से हराया था। अब बाबर की कप्तानी वाली पाकिस्तान टीम ने यह रिकॉर्ड तोड़ दिया है। कराची वनडे 15 दिसंबर 2005 को हुआ था। ओवरऑल वनडे फॉर्मेट में पाकिस्तान की यह तीसरी सबसे बड़ी जीत है। पाकिस्तानी टीम ने वनडे में अपनी सबसे बड़ी जीत 18 अगस्त 2016 को आयरलैंड के खिलाफ डबलिन वनडे में दर्ज की थी, तब पाकिस्तान ने आयरलैंड को उसी के घर में 255 रनों के अंतर से हराया था।

### वनडे में पाकिस्तान की सबसे बड़ी जीत (रनों में)

- वि. आयरलैंड, डबलिन में 255 रनों से जीते
- वि. जिम्बाब्वे, बुलावायो में 244 रनों से जीते
- वि. नेपाल, मुल्तान में 238 रनों से जीते
- वि. बांग्लादेश, ढाका में 233 रनों से जीते
- वि. श्रीलंका, शारजाह में 217 रनों से जीते

### स्कोर बोर्ड

| पाकिस्तान | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फ़ख़र ज़मान कै.शेख़ बो.करण | 14 | 20 | 3/0 |
| इमाम-उल-हक़ रन आउट | 5 | 14 | 1/0 |
| बाबर आज़म कै.सब. बो.सोमपाल | 151 | 131 | 14/4 |
| रिज़वान रन आउट | 44 | 50 | 6/0 |
| आग़ा सलमान कै.भुर्तेल बो.लमिचाने | 5 | 14 | 0/0 |
| अहमद नाबाद | 109 | 71 | 11/4 |
| शादाब ख़ान बो.सोमपाल कामी | 4 | 2 | 1/0 |

**अतिरिक्त**: 10, **कुल**: 50 ओवर में 342/6, **विकेट पतन**: 1-21, 2-25, 3-111, 4-124, 5-338, 6-342, **गेंदबाज़ी**: सोमपाल कामी 10-1-85-2, करण केसी 9-0-54-1, गुलशन झा 4-0-35-0, ललित राजबंशी 10-0-48-0, संदीप लामिछाने 10-0-69-1, दीपेंद्र सिंह ऐरी 6-0-40-0, कुशल भुर्तेल 1-0-10-0.

| नेपाल | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| कुशल भुर्तेल कै.रिज़वान बो.शाहीन | 8 | 4 | 2/0 |
| आसिफ़ शेख़ कै.इफ्तिखार बो.नसीम | 5 | 5 | 1/0 |
| रोहित पॉडेल पगबाधा बो.शाहीन | 0 | 1 | 0/0 |
| आरिफ़ शेख़ बो.रउफ़ | 26 | 38 | 5/0 |
| सोमपाल कामी कै.रिज़वान बो.रउफ़ | 28 | 46 | 4/0 |
| गुलशन झा कै.ज़मान बो.शादाब | 13 | 23 | 0/1 |
| दीपेंद्र सिंह ऐरी बो.नवाज़ | 3 | 11 | 0/0 |
| कुशल मल्ला कै.इफ्तिख़ार बो.शादाब | 6 | 4 | 0/1 |
| संदीप लामिछाने बो.शादाब | 0 | 2 | 0/0 |
| करण केसी नाबाद | 7 | 6 | 1/0 |
| ललित राजबंशी पगबाधा बो.शादाब | 0 | 2 | 0/0 |

**अतिरिक्त**: 8, **कुल**: 23.4 ओवर में 104 रन पर ऑलआउट, **विकेट पतन**: 1-10, 2-10, 3-14, 4-73, 5-82, 6-90, 7-91, 8-91, 9-104, 10-104, **गेंदबाज़ी**: शाहीन शाह अफ़रीदी 5-0-27-2, नसीम शाह 5-0-17-1, हारिस रउफ़ 5-1-16-2, शादाब ख़ान 6.4-0-27-4, मोहम्मद नवाज़ 2-0-13-1.

## इधर, मैच से पूर्व श्रीलंका और बांग्लादेश एक ही नाव पर सवार

**पल्लेकल, एजेंसी।** श्रीलंका और बांग्लादेश की टीमें गुरुवार को एशिया कप में जब एक दूसरे के सामने होंगी, तो उनकी निगाहें अपने अहम खिलाड़ियों की चोटों से उबरकर जीत से अभियान शुरू करने पर लगी होंगी। श्रीलंका ने 2022 में (टी20 प्रारूप में) एशिया कप जीता था, लेकिन मंगलवार तक वह इस चरण के लिए अपनी टीम की घोषणा भी नहीं कर सकी थी, क्योंकि उसके कुछ खिलाड़ी चोटिल हैं, जबकि दो कोविड-19 संक्रमित पाए गए हैं। श्रीलंकाई खिलाड़ी वानिंदु हसारंगा, दुश्मंता चमीरा, लाहिरू कुमारा और दिलशान मधुशंका चोटों से जूझ रहे हैं, जबकि कुसल परेरा अभी कोरोना संक्रमण से नहीं उबरे हैं। इन झटकों से पहले भी श्रीलंकाई टीम इस साल वनडे में फॉर्म खराब से गुजर रही थी। उन्हें साल के शुरू में भारत के हाथों 0-3 से हार मिली और फिर न्यूजीलैंड ने भी उसे 2-0 से पराजित किया था। श्रीलंका की टीम इस बात से राहत ले सकती है कि बांग्लादेश की टीम भी इसी स्थिति में जूझ रही है।

### दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**श्रीलंका**: दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, दिमुथ करूणारत्ने, कुसाल परेरा, कुसाल मेंडिस (उप कप्तान), चरिथ असालंका, धनंजय डि सिल्वा, सादीरा समरविक्रमा, महीश तीक्ष्णा, दुनिथ वेलांगे, माथिशा पाथिराना, कासुन रजीता, दुशान हेमंता, बिनुरा फर्नांडो, प्रमोद मदुशान।

**बांग्लादेश**: शाकिब अल हसन (कप्तान), नजमुल हुसैन शांटो, तौहिद हृदय, मुशिफकर रहीम, अफीफ हुसैन ध्रुबो, मेहदी हसन मिराज, तास्किन अहमद, हसन महमूद, मुस्तफिजुर रहमान, शोरिफुल इस्लाम, नासुम अहमद, शाक मेहदी हसन, नईम शेख, शमिम हुसैन, तंजिद हसन तमीम, तंजिम हसन शाकिब, अनामुल हक बिजॉय।

## भारत-पाक मैच पर बारिश का साया, टीम इंडिया श्रीलंका पहुंची



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप मैच पर बारिश का खतरा है। मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार, 31 अगस्त से 6 सितंबर तक कैंडी में बारिश हो सकती है। कैंडी में ही 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप स्टेज का मुकाबला खेला जाएगा। टीम इंडिया बुधवार को ही श्रीलंका के कोलंबो शहर पहुंची है। एशिया कप बुधवार से मेजबान पाकिस्तान और नेपाल के बीच मैच से शुरू हुआ। दोनों के बीच ग्रुप-ए का मैच मुल्तान में खेला गया। भारत भी इसी ग्रुप में है, टीम अपना पहला मैच ही पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगी। भारत के ग्रुप स्टेज के दोनों मैचों में बारिश की संभावना है। 2 सितंबर को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला होगा, इस दिन कैंडी शहर में 90 प्रतिशत बारिश हो सकती है।

**पंड्या का ध्यान 'दबाव में' अच्छा क्रिकेट खेलने पर:** भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान हार्दिक पंड्या ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान के खिलाफ मुकाबलों में अतिरिक्त दबाव होता है, लेकिन वह बाहर से आने वाली आवाज़ों को नज़रंदाज़ करते हुए अच्छा क्रिकेट खेलने पर ध्यान देते हैं। पंड्या ने बुधवार को स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम फॉलो द ब्लूज़ में ये बातें कही। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों की बहुत सारी भावनाएं हमसे जुड़ी होती हैं।

## इंडियन ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट में मेजबान मप्र ओवऑल चैंपियन



### सर्वाधिक 12 स्वर्ण समेत 42 पदक जीते

**भोपाल।** राजधानी के तात्याटोपे स्टेडियम में खेली गई तीसरी इंडियन ओपन मिक्स्ड मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में मेजबान मप्र ने 12 स्वर्ण, नौ रजत और 21 कांस्य सहित 42 पदक जीतकर ओवरआल चैंपियनशिप पर अपना कब्जा जमा लिया है। छत्तीसगढ़ 10 स्वर्ण, नौ रजत और 10 कांस्य सहित 29 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा। तेलंगाना 10 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य सहित कुल 33 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

दिल्ली ने नौ स्वर्ण, छह रजत और पांव कांस्य पदकों से चौथा तथा जम्मू और कश्मीर टीम ने आठ स्वर्ण, आठ रजत और दो कांस्य पदकों से पांचवां स्थान हासिल किया। मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) मप्र व छग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस तीन दिवसीय प्रतियोगिता में देशभर से 32 राज्यों के 350 खिलाड़ियों और 40 अधिकारी, रेफरी, और जजों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने विशेष अतिथियों के रूप में भोपाल महापौर मालती राय और विधायक पीसी शर्मा की मौजूदगी में किया। प्रतियोगिता के संरक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह तोमर, मध्य प्रदेश एमएमए संघ के अध्यक्ष और भारतीय एमएमए संघ के उपाध्यक्ष भी है। उन्होंने सम्पूर्ण कार्यकारिणी सदस्यों तथा एमएमए इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरीफ बापू के योगदान की सराहना की। इस आयोजन में संतोष चोपड़ा, आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रबल प्रताप सिंह तोमर, आलोक त्रिपाठी, मध्य प्रदेश एमएमए के महासचिव विकास शर्मा, नितिन सिंह, डॉ. दिव्या खरे, अभिनव चौरसिया, आशोक बगड़ी, नीतू शर्मा, संयुक्त सचिव विक्रम चतुर्वेदी व इंदर ठाकुर और अन्य सदस्य ने विशेष भूमिका निभाई।

## पार्टनर संग इन रोमांटिक जगहों पर बनाएं घूमने का प्लान, साथ में बिता सकेंगे क्वालिटी टाइम

अगस्त के महीने में देश के अलग-अलग राज्यों में रिमझिम बारिश होती रहती है। वहीं रिमझिम बारिश के चलते मौसम काफी सुहावना हो जाता है। मानसून में कुछ जगहें बेहद खूबसूरत और रोमांटिक नजारा पेश करती हैं। वहीं कपल्स का भी यह सपना होता है कि वह किसी रोमांटिक जगह पर घूमने के लिए जाएं। ऐसे में अगर आप भी अपने पार्टनर के साथ किसी रोमांटिग जगह पर जाने की सोच रही हैं, तो बता दें कि यह आर्टिकल आपके लिए है। हम आपको कुछ ऐसी खूबसूरत और रोमांटिक जगहों के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर आप अपने पार्टनर के साथ आराम से क्वालिटी टाइम स्पेंड कर सकते हैं। पार्टनर संग हसीन पल बिताने के लिए आप अगस्त के महीने में मालशेज घाट जा सकते हैं। यह महाराष्ट्र की सबसे खूबसूरत और हसीन जगह है। कपल्स नेचर लवर्स के लिए यह जगह स्वर्ग से कम नहीं है। अगस्त के महीने में रिमझिम बारिश इस जगह को और भी खूबसूरत बना देती है। आप यहां पर पार्टनर के साथ कुछ हसीन पल बिताने के साथ ही ट्रैकिंग का भी आनंद उठा सकते हैं। यहां पर आप अजोबा पहाड़ी किला, मालशेज वॉटरफॉल और पिंपलगांव जोगा बांध जैसी बेहतरीन जगहों को एक्सप्लोर करना ना भूलें। दक्षिण-भारत के केरल राज्य में घूमने के लिए कई खूबसूरत और हसीन जगहें हैं। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ केरल को एक्सप्लोर करना चाहते हैं, तो आपको कुमारकोम जरूर जाना चाहिए। बता दें कि कई छोटे-छोटे द्वीपों से मिलकर बना कुमारकोम केरल का एक रोमांटिक डेस्टिनेशन है। यहां पर आप बैकवाटर, पारंपरिक व्यंजन, धान के खेत और हसीन दृश्यों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। यह जगह रोमांटिक रिसॉर्ट्स के लिए भी जाना जाता है। यहां पर आप कुमारकोम नेशनल पार्क, कुमारकोम बैकवाटर्स, वेम्बानाड झील और कुमारकोम बीच जैसी जगहों पर घूमने का लुत्फ उठा सकते हैं। राजस्थान में आप जयपुर, उदयपुर, जोधपुर, जैसलमेर या माउंट आबू जैसी फेमस जगहों पर तो कई बार घूमने के लिए गए होंगे। लेकिन अगर आप अपने पार्टनर के साथ किसी शांत व रोमांटिक जगह पर जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आपको नागौर जरूर पहुंचना चाहिए। अजमेर से 149 किमी की दूरी और रेगिस्तान के बीच स्थित नागौर शहर ऐतिहासिक और मनमोहक शहर है। यहां पर आप दीपक महल, अमर सिंह स्मारक, खिमसर किला, नागौर किला और सैंड ड्यून विलेज जैसी शानदार जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं। अगर आप भी अपने हमसफर के साथ उत्तराखंड की हसीन वादियों में समय बिताना चाहते हैं, तो आपको मसूरी और नैनीताल की जगह मचुर्ला पहुंचना चाहिए। नैनीताल से करीब 99 किमी की दूरी पर स्थित मचुर्ला नेचर लवर्स के लिए जन्नत से कम नहीं है। यहां की खूबसूरती का अंदाजा आप इस बात से भी लगा सकते हैं कि इस जगह पर कई टीवी शो और फिल्मों की भी शूटिंग हो चुकी है। हिमालय की पहाड़ियों के घिरा यह शहर बेहद हसीन नजारे प्रस्तुत करता है। यहां पर आप बारसी गांव, मगरमच्छ व्यू पॉइंट, रामनगर नदी और गर्जिया देवी मंदिर आदि घूम सकते हैं।

## हॉकी: जीत के करीब आकर हारा भारत

**सलालाह (ओमान), एजेंसी।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने बुधवार को पुरुष एशियाई हॉकी 5एस विश्व कप क्वालीफायर में ओमान पर 12-2 से शानदार जीत दर्ज की, लेकिन पाकिस्तान के खिलाफ 4-5 से हार गई। पाकिस्तान के खिलाफ दिन के दूसरे मैच में भारत के लिए मनिंदर सिंह (17वां, 29वां मिनट), गुरजोत सिंह (12वां मिनट) और मोहम्मद राहील (21वां मिनट) ने गोल किए, लेकिन पाकिस्तान ने एहतिशाम असलम (दूसरा, तीसरा मिनट), ज़किरिया हयात (पांचवां मिनट), अब्दुल रहमान (13वां मिनट) और अब्दुल राणा (26वां मिनट) के गोलों से जीत दर्ज कर ली। पाकिस्तान ने मुकाबले की एकतरफा रूप से शुरुआत की और एहतिशाम ने तीसरे मिनट तक उसे 2-0 की बढ़त दिला दी। मनिंदर सिंह ने गेंद को मिडफील्ड में रखने की कोशिश की।

**तोहफा** — इंटरनेशनल क्रिकेट में समानता की ओर कदम बढ़ाने वाला चौथा देश बना इंग्लैंड

# ईसीबी ने पुरुषों और महिलाओं की मैच फीस की समान

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने महिला और पुरुष क्रिकेटरों को प्रति मैच मिलने वाली फीस समान करने की घोषणा बुधवार को की। भारत, दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बाद इंग्लैंड अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऐतिहासिक समानता की ओर कदम बढ़ाने वाला चौथा देश है।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पहले ही आईसीसी आयोजनों में पुरुष और महिला टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि की घोषणा कर चुका है।

### इंग्लैंड महिला टीम की कप्तान हीथर नाइट बोलीं- 'शानदार'

इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हीथर नाइट ने इस खबर को 'शानदार' करार देते हुए कहा कि इससे क्रिकेट लड़कियों और युवा महिलाओं के लिए एक आकर्षक खेल बन जाएगा। यह बहुत जरूरी है कि हम महिलाओं के खेल को आगे बढ़ाना जारी रखें। इंग्लैंड की महिलाओं और इंग्लैंड के पुरुषों के लिए समान मैच फीस देखना शानदार है। महिलाओं के खेल के लिए यात्रा की दिशा हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बात रही है। हमारा लक्ष्य एक टिकाऊ उत्पाद बनाना रहा है, जिसे लोग देखना और खेलना चाहते हैं। मुझे यकीन है कि समान मैच फीस का फैसला क्रिकेट को लड़कियों और युवा महिलाओं के लिए एक आकर्षक खेल बनाएगा।



### ईसीबी के सीईओ बोले- यह विकास महिला क्रिकेट में निवेश का परिणाम

ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रिचर्ड गोल्ड ने कहा कि यह विकास महिला क्रिकेट में इंग्लैंड के बढ़े हुए निवेश का परिणाम है। उन्होंने कहा, इस गर्मी की रोमांचक महिला एशेज सीरीज ने दिखाया कि इस देश में स्टेडियम और टीवी पर दर्शकों की रिकॉर्ड उपस्थिति के साथ महिला क्रिकेट कैसे तेजी से बढ़ रहा है। गोल्ड ने कहा, महिलाओं और लड़कियों के खेल को बढ़ाना हमारे लिए एक प्रमुख प्राथमिकता है। हाल के वर्षों में हमने भविष्य के खिलाड़ियों को तैयार करने के लिए घरेलू महिला संरचना के निर्माण और खिलाड़ियों के पुरस्कारों को बढ़ाने में निवेश में काफी वृद्धि की है। मैच फीस में बढ़ोतरी गुरुवार को श्रीलंका के खिलाफ इंग्लैंड के अगले अंतरराष्ट्रीय मैच से प्रभावी होगी।

## सिचुआन में अतिवृष्टि से 4 लोगों की मौत, 48 लापता

**चेंगदू, (एजेंसी)।** चीन के दक्षिण-पश्चिम सिचुआन प्रांत के लिआंगशान यी स्वायत्त प्रान्त के जिनयांग काउंटी में आए तूफान में चार लोगों की मौत हो गई जबकि 48 अन्य लोग लापता हो गए। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने बुधवार को दी। प्रांत में सार्वजनिक सुरक्षा विभाग के उप निदेशक युआन गैंग ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बारिश के कारण राजमार्ग निर्माण स्थल पर अचानक बाढ़ आ गई। निर्माण कंपनी और एक श्रमिक सेवा कंपनी के पांच लोगों को सोमवार को हिरासत में लिया गया, उन पर दुर्घटना की रिपोर्ट करने में विफल रहने या दुर्घटना की जानबूझकर झूठी जानकारी प्रदान करने का आरोप है।

## ऑस्ट्रेलियाई चॉपर हादसे में मृत नौसैनिकों के शव मिले

**कैनबरा, (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी तट के समीप एक द्वीप पर हुए एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मारे गए तीन अमेरिकी नौसैनिकों के शव बरामद कर लिए गए। यूएस मरीन रोटेशनल फोर्स डार्विन (एमआरएफ-डी) ने मंगलवार रात एक बयान में कहा कि तीनों नौसैनिकों के शवों को ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र की राजधानी डार्विन ले जाया गया। तीनों नौसैनिकों की मौत उस समय हुई जब उनका एमवी-22बी ओस्प्रे हेलीकॉप्टर रविवार सुबह डार्विन से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर मेलविले द्वीप पर एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। एमआरएफ-डी ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच चल रही है।

## अज्ञात बदमाशों ने मंदिर के महंत की हत्या की

**अजमेर, (एजेंसी)।** राजस्थान में अजमेर संभाग के टोंक जिले में डिग्गी थाना क्षेत्रान्तर्गत एक महंत की नृशंस हत्या कर दी गई । प्राप्त जानकारी के अनुसार डिग्गी के गढ़ परकोटे के पास स्थित भूरया महादेव मंदिर महंत सियाराम बाबा की मंगलवार देर रात अज्ञात बदमाशों ने हत्या कर दी। हत्या के कारणों व हत्यारों का अभी पता नहीं चला है। आज सुबह मौके पर भारी भीड़ उमड़ पड़ी। बताया जा रहा है कि मृतक महंत सियाराम बाबा पिछले 50 वर्षों से यहीं रह रहे थे और भगवान की सेवा में लगे रहते थे। डिग्गी थानापुलिस मौके पर मौजूद है और हत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है।

## द. कोरिया-यूएस ने किया संयुक्त वायु सेना अभ्यास

**सोल, (एजेंसी)।** द. कोरिया-अमेरिका ने बुधवार को वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास के दौरान कम से कम एक अमेरिकी निर्मित बी-1बी रणनीतिक बमवर्षक की तैनाती के साथ वायु सेना का संयुक्त अभ्यास किया। द. कोरियाई रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वायु सेना का अभ्यास दक्षिण कोरिया-अमेरिका के बीच चल रहे उल्ची फ्रीडम शील्ड और वारियर शील्ड फील्ड अभ्यास का हिस्सा था, जो 21 अगस्त को शुरू हुआ। बी-1बी के साथ अमेरिका द्वारा तैनात एफ-16 जेट और द. कोरिया के एफ-50 लड़ाकू विमान भी थे। इस अभ्यास ने उ. कोरिया के हाल ही में कथित बैलिस्टिक मिसाइल के प्रक्षेपण के जवाब में अमेरिकी रणनीतिक संपत्तियों के समय पर समन्वय और तैनाती के माध्यम से ठोस संयुक्त रक्षा क्षमताओं तथा विस्तारित निरोध प्रक्रियाओं की सक्रियता का प्रदर्शन किया।

## नकली इसरो वैज्ञानिक गुजरात में अरेस्ट

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने 23 अगस्त को चंद्रयान-3 की चांद के दक्षिणी ध्रुव में सफल लैंडिंग की थी। इस ऐतिहासिक सफलता के बाद दुनियाभर में इसरो के वैज्ञानिकों की जमकर तारीफ हो रही है। इसी बीच खबर आ रही है कि गुजरात पुलिस ने एक शख्स को सूरत शहर से गिरफ्तार किया है। यह शख्स खुद को इसरो का वैज्ञानिक बता रहा है। गिरफ्तार व्यक्ति ने दावा किया है कि चंद्रयान-3 का लैंडर मॉड्यूल डिजाइन किया है।

## आज का इतिहास

- **1881:** अमेरिका में पहली बार टेनिस चैंपियनशिप खेला गया।
- **1919:** अमेरिकन कम्युनिस्ट पार्टी का गठन।
- **1920:** डेट्रायट में रेडियो पर पहली बार समाचार प्रसारित किया गया।
- **1956:** राज्य पुनर्गठन बिल को तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की मंजूरी।
- **1957:** मलेशिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता प्राप्त कर ली।
- **1962:** कैरेबियाई देश टोबैगो एवं त्रिनिदाद ब्रिटेन से स्वतंत्र हुए।
- **1964:** कैलिफोर्निया आधिकारिक रूप से अमेरिका का सबसे अधिक जनसंख्या वाला प्रांत बना।
- **1968:** भारत में टू-स्टेज राउंडिंग रॉकेट रोहिणी-एमएसवी 1 का सफल प्रक्षेपण किया गया।

# दिल्ली की जामा मस्जिद सहित 123 संपत्तियां वापस लेगी केंद्र सरकार

### केंद्र सरकार ने इस संबंध में नोटिस जारी किया

**पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान जामा मस्जिद को वक्फ बोर्ड को दिया गया था**



**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने देश की राजधानी दिल्ली वक्फ बोर्ड की 123 संपत्तियों को वापस लेगी। इसमें दिल्ली की जामा मस्जिद का नाम भी शामिल है। केंद्र सरकार ने इसके संबंध में एक नोटिस जारी किया है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान जामा मस्जिद को वक्फ बोर्ड को दिया गया था। अब सरकार दिल्ली की महत्वपूर्ण 123 संपत्तियों को वापस लेना का फैसला किया है। लाल किले के पास वाली जामा मस्जिद इस लिस्ट में है। आपको बता दें कि वक्फ बोर्ड ने दिल्ली हाई कोर्ट में भी याचिका डाली थी। याचिका में कहा गया था कि इन सभी संपत्तियों को तोड़ने, फोड़ने और मरम्मतीकरण का काम कोई दूसरा न करे, लेकिन बीती मई में हाई कोर्ट ने याचिका को खारिज कर दिया था।

### यूपी सरकार ने दी थी वक्फ को संपत्ति

आपको बता दें कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के दौरान साल 2014 में संपत्तियों को वक्फ बोर्ड को सौंपा गया था। इनमें से 61 का स्वामित्व भूमि एवं विकास कार्यालय (एलएनडीओ) के पास था और बाकी 62 संपत्तियों का स्वामित्व दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के पास था। 2015 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार ने कहा था कि वो इन संपत्तियों के स्थानांतरण की जांच कराएगी।

### दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष को लिखा पत्र

केंद्र सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने वक्फ बोर्ड की 123 संपत्तियों को वापस लेने के लिए नोटिस जारी किया है। इस सूची में दिल्ली की प्रसिद्ध जामा मस्जिद इसके अलावा कई मस्जिद, ईदगाह, दरगाह और कब्रिस्तान के नाम भी शामिल हैं। मंत्रालय ने दिल्ली वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष और आम आदमी पार्टी (आप) विधायक अमानुतल्लाह खान को पत्र लिखकर फैसले की जानकारी दी थी।

### स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री मोदी को बांधी राखी



नई दिल्ली में बुधवार को प्रधानमंत्री आवास पर स्कूली बच्चों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को राखी बांधी। वहीं हर्षोल्लास के साथ पूरे देश में राखी पर्व मनाया गया ।

# ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार, वकील जो लिखकर ले जाते हैं वही जजमेंट आता है

### सीएम बोले- हमने कई हाईकोर्ट जज बनवाने में मदद की, लेकिन अप्रोच नहीं किया

● **जयपुर**



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा- आज ज्यूडिशियरी में भयंकर भ्रष्टाचार हो रहा है। मैंने सुना है कि कई वकील तो जजमेंट लिखकर ले जाते हैं। वही जजमेंट आता है। ज्यूडिशियरी के अंदर यह क्या हो रहा है? चाहे लोअर ज्यूडिशियरी हो या अपर। हालात गंभीर हैं। देशवासियों को सोचना चाहिए। गहलोत जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा- भाजपा विधायक कैलाश मेघवाल ने केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पर जो आरोप लगाए हैं, वो सही हैं। मुझे मालूम पड़ा है कि उनके (अर्जुन राम मेघवाल) वक्त बहुत बड़ा करप्शन हुआ था। उसे दबा दिया गया है। इन लोगों ने हाईकोर्ट से स्टे ले रखा है। इन्होंने किसी की परवाह ही नहीं की। हम तो कभी किसी के पीछे पड़ते नहीं हैं। ज्यूडिशियरी, आरपीएससी, एसीबी में कभी इंटरफियर नहीं करता हूं। मैंने जीवन में कभी इन संस्थाओं के काम में हस्तक्षेप नहीं किया। न कभी करना चाहिए।

### विधानसभा-लोकसभा चुनाव साथ हों तो हम तैयार हैं

विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ करवाने की तैयारियों के सवाल पर गहलोत ने कहा- विधानसभा और लोकसभा चुनाव एक साथ होते हैं तो भी हम पूरी तरह तैयार हैं। केंद्र की सरकार कुछ भी करवा सकती है।



**हेमाद्रि डुबकी** हरिद्वार में देश भर से आए ब्राह्मणों ने बुधवार को श्रावण पूर्णिमा पर गंगा में पवित्र हेमाद्रि डुबकी लगाने से पहले गंगा घाट पर अनुष्ठान किया।

## नूंह हिंसा के आरोपी बिट्टू बजरंगी को बेल

**गुरुग्राम, (एजेंसी)।** हरियाणा के नूंह में हुई सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए कथित गौरक्षक बिट्टू बजरंगी को बुधवार को एक कोर्ट ने जमानत दे दी। पुलिस ने यह जानकारी दी। बजरंगी को 17 अगस्त को नूंह की अदालत में पेश किया ग्रया जिसके बाद उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। वह फरीदाबाद जिले में स्थित नीमका जेल में बंद है। नूंह पुलिस ने बताया कि बुधवार को बजरंगी की जमानत अर्जी पर सुनवाई के बाद न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) संदीप कुमार की अदालत ने उसे जमानत दे दी। बिट्टू बजरंगी उर्फ राजकुमार को सहायक पुलिस अधीक्षक ऊषा कुंडू की शिकायत पर नूंह सदर थाने में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद फरीदाबाद से गिरफ्तार किया गया था। प्राथमिकी के अनुसार सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए पहचाने गए बजरंगी ने अपने कुछ अज्ञात समर्थकों के साथ कथित तौर पर एएसपी कुंडू के नेतृत्व वाली पुलिस टीम से दुर्व्यवहार किया था और धमकी दी थी।

## साइकिल चालक भाऊसाहेब को सेना ने कश्मीर में किया सम्मानित

**श्रीनगर, (एजेंसी)।** साइकिल चलाकर समाज में व्याप्त कुरीतियों के बारे में लोगों को जागरूक करने वाले भाऊसाहेब भावर को सेना ने कश्मीर घाटी में सम्मानित किया है।श्री भावर (50) महाराष्ट्र में जालना जिले के हसनाबाद के रहने वाले हैं और उनका एकमात्र उद्देश्य लोगों को सामाजिक बुराइयों के बारे में शिक्षित करना है। वह हाल ही में एक अभियान पर श्रीनगर गए थे। रक्षा प्रवक्ता ने बताया कि श्री भावर ने जीओसी 31 सब एरिया, मेजर जनरल पीबीएस लांबा से बातचीत के दौरान कहा कि लगभग तीन दशक हो गए हैं जब मैं अपने मिशन के साथ देश भर में साइकिल चला रहा हूं। मिशन का उद्देश्य दहेज और भ्रूणहत्या जैसी सामाजिक बुराइयों को खत्म करना, राष्ट्रीय एकता तथा सांप्रदायिक सद्भाव का संदेश फैलाना है। वह की हाल ही में श्रीनगर यात्रा गये थे और इस दौरान उन्होंने एक आर्मी पब्लिक स्कूल के छात्रों को संबोधित किया।

## आ रहा समंदर का सिकंदर INS महेंद्रगिरि


**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए नए युद्धपोत महेंद्रगिरि को लॉन्च करने की पूरी तैयारी हो गई है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की पत्नी सुदेश धनखड़ 1 सितंबर को मुंबई के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में भारत के नए युद्धपोत महेंद्रगिरि को लॉन्च करेंगी। महेंद्रगिरि, प्रोजेक्ट 17ए का सातवां और आखिरी स्टील्थ फ्रिगेट है। प्रोजेक्ट 17ए के तहत चार युद्धपोत मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में और बाकी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई), कोलकाता में बनाए जा रहे हैं।



### यह है खूबियां

- इस प्रोजेक्ट के जहाज को दुश्मन के विमानों और एंटी-शिप क्रूज मिसाइलों के खतरे का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया है।
- इस तरह के उन्नत जहाजों में लंबी दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली भी लैस की गई है।
- दो 30 मिमी रैपिड-फायर बंदूकें जहाज को नजदीक से रक्षा क्षमता मुहैया करागी, जबकि एक एसआरजीएम गन प्रभावी नौसैनिक को गोलाबारी में सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाएगी।
- स्वदेशी रूप से विकसित ट्रिपल ट्यूब लाइट वेट टारपीडो लॉन्चर और रॉकेट लॉन्चर जहाज की पनडुब्बी रोधी क्षमता में इजाफा करेंगे।

## 75 साल में पहली बार सऊदी पहुंची इजराइली फ्लाइट




**अवीव/रियाद।** इजराइल के प्राइम मिनिस्टर बेंजामिन नेतन्याहू ने सऊदी सरकार का शुक्रिया अदा किया है। इसकी वजह यह है कि सोमवार रात एक इजराइली फ्लाइट को सऊदी सरकार ने जेद्दाह एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग की मंजूरी दी थी। इस दौरान 128 इजराइली नागरिकों ने इस शहर के एक होटल में रात गुजारी थी।

1948 में इजराइल एक अलग मुल्क बना। इसके बाद यह पहली बार है जब पब्लिकली कोई इजराइली फ्लाइट सऊदी अरब में लैंड हुई। दोनों देशों के बीच डिप्लोमैटिक रिलेशन नहीं हैं। बाद में कुछ पैसेंजर ने माना कि उन्हें सऊदी में लैंडिंग करते वक्त डर लग रहा था। एयर सेशेल्स के एक प्लेन ने सोमवार दोपहर सेशेल्स से इजराइल की एडिमिनिस्ट्रेटिव कैपिटल (प्रशासनिक राजधानी) तेल अवीव के लिए उड़ान भरी।

इस दौरान एयरक्राफ्ट के इलेक्ट्रिकल सिस्टम में फॉल्ट आ गया। इससे इंजन फेल होने का खतरा भी था। पायलट ने फौरन मदद मांगी। सबसे करीब में सऊदी अरब का जेद्दाह एयरपोर्ट था, लेकिन इजराइल और सऊदी अरब के बीच डिप्लोमैटिक रिलेशन नहीं हैं। लिहाजा, वहां लैंडिंग की मंजूरी मिलना मुश्किल था।

## पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज में सेना ने किया युद्धाभ्यास

**जैसलमेर (ब्यूरो)।** राजस्थान में जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिग रेन्ज में बुधवार को मेक इन इंडिया के तहत भारत में निर्मित इंडोजेनियश हथियारों से अपनी जबरदस्त मारक क्षमता का प्रदर्शन करते हुये विष्व में सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक होने का दमखम दिखाया।

ब्राजील के सेनाध्यक्ष जनरल टोमस मिगुवल माईन रिबेरियो पाईवा के मुख्य आतिथ्य में हुए प्रदर्शन में भारतीय सेना के शौर्य एवं पराक्रम से गुंजयमान हो उठा, जैसलमेर की पोकरण फील्ड फायरिंग रेन्ज में चारों तरफ रेत का गुब्बार, टैंकों की गड़गड़ाहट, बम धमाकों, गोलियां की आवाज, लड़ाकू हेलीकॉप्टर की आवाजाही वास्तविक युद्ध क्षेत्र का नजारा प्रस्तुत कर रही थी।भारतीय सेना ने वायुसेना के सहयोग से देश में निर्मित हथियारों से अपने बेहतरीन युद्ध कौशल और कोमबेट फायर पावर का प्रदर्शन कर पूरे पोकरण रेन्ज में एक युद्ध का नजारा प्रस्तुत किया।

## हापुड़ में लाठीचार्ज : देवरिया में वकीलों का विरोध प्रदर्शन



**देवरिया, (ब्यूरो)।** उप्र के हापुड़ में वकीलों पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को देवरिया में वकील न्यायिक कार्य से विरत होकर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित अपना ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। हापुड़ में मंगलवार को वकीलों पर पुलिस द्वारा बर्बर लाठीचार्ज के विरोध बुधवार को यहां संघ भवन पर बैठक कर न्यायिक कार्य से विरत होकर अपना विरोध प्रदर्शन किये। इस दौरान वकील कचहरी परिसर में पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर अपना विरोध प्रदर्शन किये। मुख्यमंत्री को सम्बोधित अपने ज्ञापन में वकीलों ने मांग की है कि हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज करने वाले दोषी पुलिस कर्मियों व अफसरों पर केस दर्ज कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाये। प्रदर्शन के दौरान कचहरी गेट के सामने वकीलों और पुलिस में कुछ देर के लिए नोकझोंक भी देखने को मिली।

## गुजरात में हनुमान को सहजानंद स्वामी का दास बताने पर विवाद, साधु-संतों में आक्रोश

**अहमदाबाद।** गुजरात के बोटाद में श्रीकष्टभंजनदेव हनुमानजी का मंदिर है। इस मंदिर का रखरखाव स्वामीनारायण संप्रदाय के हाथों में है। इस साल की शुरुआत में मंदिर प्रशासन ने परिसर में हनुमानजी की 54 फीट ऊंची प्रतिमा स्थापित की थी। इसका अनावरण केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने किया था। अनावरण के चार महीने बाद अब विवाद सामने आया है। विवाद की वजह है कि मूर्ति के नीचे के बेस में जो तस्वीरें और पेटिंग्स बनाई गई हैं। उनमें हनुमान को स्वामी नारायण संप्रदाय के सहजानंद स्वामी के आगे झुकते हुए उनके भक्त और दास के तौर दिखाया गया है। सोशल मीडिया पर तस्वीरों के वायरल होने के बाद अब हिंदू समाज के साधु-संतों ने इस तस्वीरों को हटाने की मांग की है।



## जवान फिल्म रिलीज होने से पूर्व शाहरुख वैष्णो देवी मंदिर पहुंचे

**जम्मू।** बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान ने अपनी फिल्म'जवान' रिलीज होने से पहले जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले की त्रिकुटा पहाड़ियों में स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। अधिकारियो के अनुसार, अभिनेता ने कटरा पहुंचने के बाद पवित्र गुफा में दर्शन किए और फिर नए ताराकोट मार्ग से भवन की ओर रवाना हुए। अभिनेता को भवन में सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा गया, जिसमें वह अधिकारियो और पुलिसकर्मियों की सुरक्षा में दिखे। वह सफेद टीशर्ट के ऊपर नीले रंग की हुडी पहने हुए थे और अपने चेहरे को हुडी की कैप और मास्क से ढके हुए थे।रुपहले पर्दे पर'जवान'07 सितंबर को रिलीज होगी। श्री खान ने पिछले वर्ष दिसंबर में अपनी ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म'पठान'रिलीज होने से पहले भी वैष्णो देवी के दर्शन किए थे।

### Filmiतड़का

## आलिया के पास 557 करोड़ की संपत्ति : 50 करोड़ की कंपनी, लंदन में 25 करोड़ का घर, दर्जनभर कारें

**मुंबई,।** आलिया भट्ट पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। इन दिनों वो रणबीर कपूर के साथ न्यूयॉर्क में हैं। आलिया वैसे लग्जरी लाइफ स्टाइल के लिए जानी जाती है। मुंबई और लंदन में घर, करोड़ों की वैनिटी, 557 करोड़ की संपत्ति उनके पास है।उनके पास कुल तीन घर हैं। लंदन में एक और मुंबई के जुहू और बांद्रा में एक-एक घर। लंदन के पॉश इलाके के रूप में चर्चित कोवेंट गार्डन में आलिया के घर की कीमत 25 करोड़ रुपए है। जूहु वाले घर में आलिया की बहन शाहीन रहती हैं। उन्होंने अपना सबसे पहला घर भारत में नहीं बल्कि लंदन में खरीदा था। एक इंटरव्यू में उन्होंने बताया कि मेरा सपना था कि लंदन में एक घर हो। खुशी इस बात की है कि मैंने साल 2018 में अपने सपने को पूरा कर लिया। आलिया के पास कुल तीन घर हैं। लंदन में एक और मुंबई के जुहू और बांद्रा में एक-एक घर। जूहु वाले घर में आलिया की बहन शाहीन रहती हैं। उन्होंने अपना सबसे पहला घर भारत में नहीं बल्कि लंदन में खरीदा था। उन्होंने बताया, 'मेरा सपना था कि लंदन में एक घर हो। खुशी इस बात की है कि मैंने साल 2018 में अपने सपने को पूरा कर लिया। आलिया के इसी नए अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर रणवीर कपूर का भी घर है। शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने आलिया के साथ-साथ रणवीर के घर का इंटीरियर भी डिजाइन किया है।



## सीएम ममता बनर्जी ने अमिताभ बच्चन को बांधी राखी



**मुंबई, (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी बुधवार को मुबंई बॉलीवुड अभिनेता अमिताभ बच्चन को राखी बांधने के लिए उनके आवास पर पहुंचीं हैं। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अमिताभ बच्चन को राखी बांधी और एक बहन के नाते उन्होंने अमिताभ बच्चन के साथ रक्षाबंधन का त्योहार मनाया। उन्होंने कहा कि अगर बंगाल सरकार के हाथ में होता तो हम उन्हें भारत रत्नदेते, क्योंकि वह उनके हकदार है। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के लिए उन्होंने आमंत्रण भी दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कई बार अमिताभ बच्चन व जया बच्चन कोलकाता इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के मौके पर कोलकाता आ चुके हैं।

# मातृभूमि संगठन की आवश्यक बैठक संपन्न, सड़कों की मरम्मत धनराशि आवंटन एवं टेंडर प्रक्रिया पर जताई गई नाराजगी



प्रखर जखनिया गाजीपुर। मातृभूमि संगठन जखनिया द्वारा उप जिलाधिकारी को पत्रक देते हुए कहा गया कि अगर 15 सितंबर तक क्षेत्र की सड़कों पर कार्य शुरू नहीं हुआ तो संगठन 16 सितंबर से तहसील परिसर में शांतिपूर्ण तरीके से धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा।जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। बृहस्पतिवार की दोपहर एक आवश्यक बैठक जखनिया शिव मंदिर पर संपन्न हुई।जिसमें जखनिया मनिहारी सड़क के चौड़ीकरण के साथ ही निर्माण कार्य हेतु पर्याप्त धनराशि स्वीकृत कर निर्माण कार्य कराए जाने पर जोर दिया गया।साथ ही जखनिया से फद्दूपुर सड़क जिसकी मरम्मत धनराशि आवंटन एवं टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी सड़क पर कार्य नहीं शुरू होने पर नाराजगी जताई गई। वहीं जखनिया से जाहीं रायपुर रोड के चौड़ीकरण के लिए धनराशि आवंटन टेंडर प्रक्रिया होने के साथ कार्य प्रारंभ होने के बावजूद अब तक पूर्ण नहीं किया गया जिससे आवागमन में लोगों को काफी परेशानियां का सामना करना पड़ रहा है। गौरतलब हो कि जखनिया क्षेत्र से चारों तरफ 10 किलोमीटर तक की सभी सड़कें गड्ढा युक्त हो चुकी है जिससे सड़कों पर चलना दुष्कर हो चुका है बैठक में प्रमुख रूप से नीरज सिंह अश्विनी सिंह मुकेश मौर्य वेद प्रकाश पांडे आरिफ अंसारी गंभीर यादव धर्मेंद्र तिवारी राम जी मिश्रा आशुतोष सिंह आलोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## शिक्षक दिवस पर आयोजित होगी राष्ट्रीय संगोष्ठी

प्रखर जखनियां गाजीपुर। क्षेत्र के स्नातकोत्तर महाविद्यालय मलिकपूरा में शिक्षक दिवस के अवसर पर 5 सितंबर, 2023 को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। शिक्षाशास्त्र विभाग के प्रभारी और कार्यक्राम संयोजक प्रवेश कुमार जायसवाल ने संरक्षक प्राचार्य प्रो. दिवाकर सिंह के दिशा निर्देश में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु बैठकर का आयोजन कर विस्तृत जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि "शिक्षक, शिक्षा, संस्कार एवं पर्यावरण " विषयक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रोफेसर हरिकेश बहादुर सिंह पूर्व कुलपति, जय प्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा , बिहार और विशिष्ट अतिथि आशीष कुमार मिश्रा मुख्य राजस्व अधिकारी गाजीपुर होंगे। यह संगोष्ठी ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों मोड में संचालित की जा रही है। जिसका पंजीकरण महाविद्यालय में ग्यारह बजे से 2 बजे के मध्य किसी भी कार्यदिवस में कार्य दिवस में कराया जा सकता है और ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी प्रारंभ है। बताते चलें कि उसी दिन स्व. बाबू भगवान सिंह रिमेडियल निःशुल्क कोचिंग का उद्घाटन होगा और एम. ए. भूगोल,2023 सत्र के छात्रों का 4 दिवसीय शैक्षणिक पर्यटन आगरा, मथुरा, काशी को रवाना होगा। बैठक में डॉ. चंद्रभान सिंह, प्रिंस कुमार कसौधन, डॉ.सर्वेश पाण्डेय, अभिषेक सिंह, अनुज कुमार सिंह, डॉ. सुघर सिंह राजपूत, अंजली यादव , निसार अहमद सहित सभी प्राध्यापक और कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## भाई-बहनों के प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन त्यौहार संपन्न

प्रखर तमकुही, कुशीनगर। भाई-बहनों के अटूट प्रेम का प्रतीक रक्षाबंधन का त्यौहार गुरुवार को काफी धूमधाम के साथ तमकुहीराज तहसील क्षेत्र समेत सम्पूर्ण जिले में मनाया गया। मौके पर बहनों ने अपने भाईयों की कलाईयों पर रक्षा सूत्र बांध उनके लम्बी आयु व स्वस्थ शरीर की कामना की तो भाईयों ने बहन की रक्षा का संकल्प लिया। सनातन धर्म के मानने वालों ने राजा बलि के समान दानी होने की प्रार्थना की। गुरुवार की सुबह पौ फटते ही मंदिरों में पूजा-अर्चना व पूर्णिमा के मौके पर स्नान करने का कार्य आरंभ हुआ। विभिन्न जलाशयों में स्नान कर लोगों ने भगवान आशुतोष की पूजा-अर्चना कर एक माह तक चढ़ाने वाले बेलपत्र का समापन किया। मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा का आयोजन कर हवन के साथ ब्राह्मणों को भोजन करा दक्षिणा दिया। बहनें विभिन्न परिधानों में सजकर भाईयों की आरती उतार कलाईयों पर राखी बांध मिठाइयां खिलाई तो बदले में भाईयों ने बहन की रक्षा के साथ नकदी व उपहार भेंट किया। दूर-दराज में रहने वाली बहनों द्वारा भेजी गयी राखी को भी भाई ने उतने ही सम्मान के साथ ग्रहण किया तो कई बहनें-भाईयों के घर पहुंच राखी बांधने के कार्य को मूर्तरूप दी।

## संक्षिप्त खबरें

### रक्षा बंधन के मौके पर द मर्सी क्लब के द्वारा महिला थाने पर बंधवाई गई राखियां



प्रखर जौनपुर। हमारा देश हिंदुस्तान विभिन्न भाषाओं ,संस्कृति ,विविधता और समृद्धि का देश है,एक ऐसा देश जिनमे इतने रंग रूप का अनेकों फूल हो उसको एक गुलदस्ते में सजाने का काम हमारे यह त्योहार करते है उक्त बाते आज सामाजिक कार्यकर्ता रियाजुल हक ने महिला थाने में महिला पुलिस कर्मियों से रक्षा बंधन बंधवाते हुए कही। इस मौके पर द मर्सी क्लब के प्रान्तीय चेयरमैन एजाज अहमद ने बताया की रक्षाबंधन हमारी बहन बेटियों की रक्षा का पुरुषो द्वारा दिया गया एक वचन है,जिससे वो पुरुष प्रधान देश में पुरुषो के साथ हर फील्ड में कंधे से कंधा मिलाकर भयमुक्त समाज में रह कर कार्य कर सके। इस मौके पर नगर अध्यक्ष अब्दुल सलाम ने कहा कि यह पर्व अपने परिवार में रहकर खुशियां मानने का दिन होता है। महिला थाने पर थाना अध्यक्ष सरोज सिंह और उनकी टीम में शामिल दीपिका ,सबिका,शोभना स्मृति,के साथ साथ टीम में शामिल अब्दुल सलाम,मो कलीम सिद्दीकी,मो खालिद,रितेश श्रीवास्तव,आदि लोग उपस्थित रहे।

### आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन की बैठक 2 को

प्रखर वाराणसी। आल इंडिया फेयर प्राइज शाप डीलर्स फेडरेशन उत्तर प्रदेश ईकाई की जनपद वाराणसी की बैठक 2 सितम्बर को भुल्लनपुर में राजकुमार केसरी के आवास में 11बजे से होगी। जिसमें प्रदेश पदाधिकारी जिला पदाधिकारी ब्लाक पदाधिकारी तथा महानगर पदाधिकारी व जागरूक कोटेदार की उपस्थिति होगी।बैठक के मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष गिरीश तिवारी होंगे।बैठक लखनऊ में होने जा रहे कन्वेंशन की तैयारी तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा किया जायेगा।यह जानकारी प्रदेश सचिव अजय जायसवाल ने दी।

### श्रावण मास में काशी अनुपूर्णेश्वरी का हुआ हरियाली श्रृंगार



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सावन के पूर्णिमा तिथि पर भगवती अन्नपूर्णा का बुधवार को हरियाली श्रृंगार किया गया इस दौरान मंदिर प्रांगण समेत पूरे परिसर को सुगंधित पुष्पों और विद्युत झालरों से सजाया गया माता के गर्भगृह को रातरानी,बेला, गुलाब,गेंदा, अशोक और कामिनी की पत्तियों से सजाया गया था मध्याह्न भोग आरती के बाद से झांकी दर्शन सुरू हुआ जो देर रात मंदिर कपाट बंद होने तक तक चलता रहा मंदिर प्रबंधन काशी मिश्रा ने बताया कि सुबह मंगल बेला में महंत शंकर पूरी ने माता को पंचामृत स्नान कराया गया इसके बाद उनका श्रृंगार किया गया उसके बाद आम भक्तों के दर्शन के लिए माता का कपाट खोल दिया गया` मंदिर के महंत ने शाम को माता की विशेष आरती की। इसके बाद माता को भोग लगाया गया भक्तों में प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया` हर वर्ष की भाती सावन में हरियाली श्रृंगार पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुरू हुआ जिसमे गीतकार कन्हैया दुबे केडी के संयोजन व संचालन में मे पं सुखदेव मिश्र, अशोक पांडे के तबला वायलिन की युगलबंदी के साथ अशोक पांडे का तबला सीताराम तो दीपक सिंह का हर हर महादेव बोला सोनी सेठ मांडवी सिंह पं गौरव मिश्रा पं सौरभ मिश्रा के पारंपरिक कथक नृत्य के साथ मनमोहन कथक नृत्य की प्रस्तुति की` तबले पर विवेक मिश्रा देवनारायण मिश्रा हारमोनियम व गायन पर गौरव मिश्रा बांसुरी पर सुधीर कुमार गौतम ने कुशल संगत किया, जौनपुर के लोक गायक रविंद्र सिंह, ज्योति , अभिषेक, मयंक, अमलेश शुक्ला , व्यास मौर्य , स्नेहा अवस्थी, ज्योति माही सहित अनेक कलाकारों ने भजन प्रस्तुति से माता अन्नपूर्णा के दरबार में सभी को झूमने पर विवश कर दिया` तबले पर बलराम मिश्रा व दीपक सिंह बैंजो पर पप्पू ढोलक पर भोला कीबोर्ड पर रंजन पैड पर वीरेंद्र ने कुशल संगत किया सभी कलाकारों को महंत शंकरपुरी महाराज ने स्मृति चिन्ह ,अंग वस्त्रम ,रुद्राक्ष की माला प्रसाद भेंट कर आशीर्वाद दिया` अन-?नपूर्णा दरबार में आस-?था की कतार दिखी, आए भक्तो ने सिर झुकाकर अन-?न-धन की कामना की इस दौरान मां अन-?नपूर्णा दरबार देवी के जयकार पूरे परिसर में गूंज रहा था।

## 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने मनाया रक्षाबंधन पर्व



प्रखर वाराणसी। 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के मुख्यालय परिसर वाराणसी में रंक्षाबंधन के शुभ अवसर पर ब्रह्माकुमारी, बहु बेटी फाउंडेशन एवं नव सृजन फाउंडेशन के बहनों ने 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के ऑफीसरों एवं जवानों को राखी बांधकर उनकी सलामती के लिए दुआएं मांगी, 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के ऑफिसर एवं जवानों ने भी बहनों को किसी भी प्रकार के आपदा के दौरान रक्षा का वचन दिया` अनिल कुमार वृक्ष, कमांडेंट 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल वाराणसी ने बताया कि पूरे देश में रक्षाबंधन की धूम मची हुई है सभी बहनें अपने भाइयों की कलाई में एक से बढ़कर एक खूबसूरत राखी बांधकर उनके सुख समृद्धि की दुआएं दे रही हैं` 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल वर्तमान मे वाराणसी काशी विश्वनाथ मंदिर ज्ञानवापी मस्जिद एवं हाईकोर्ट प्रयागराज मे तैनात है तैनाती वाले स्थानों पर तमाम स्कूल संस्था ब्रह्माकुमारी बहु बेटी फाउंडेशन एवं नव सृजन फाउंडेशन तथा विभिन्न संगठनो के द्वारा 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कर्मियों को राखी बांधकर भाई-बहन के इस त्यौहार को धूमधाम से मनाया गया आज इस शुभ अवसर पर उमाकांत ओझा उप कमांडेंट, अभिषेक कुमार सिंह, अनुपम सिंह, विनोद कुमार सिंह सहायक कमांडेंट, निरीक्षक कुमार राजीव, कमलेश यादव, प्रवीण सिंह, बहु बेटी कुटुम्ब फाउंडेशन की तरफ से श्रुति जैन एवं उनकी टीम नव सृजन फाउंडेशन की तरफ से प्रीति जायसवाल व उनकी टीम तथा ब्रह्माकुमारी की बहनों सहित वाहिनी के तमाम कर्मियों ने भाग लिया` अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन ने काशी वासियों को रक्षाबंधन पर्व की बधाई देते हुये बताये कि 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान एव अन्य सामाजिक कार्य में भाग लेती आई है और आगे भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

## बेखौफ खुले में बिक रही है मिठाईयां, बीमारियों का अंदेशा



प्रखर कुशीनगर। एक तरफ रक्षाबंधन को लेकर बाजार में रौनक बढ़ी है तो दूसरी तरफ सप्ताह पूर्व बनी सड़े गले मिठाइयों को खुले में सजाकर बेखौफ बिक्री जारी है, कारोबारी त्यौहार की आड़ में आमजन को खुलेआम बीमारियों को परोस रहे हैं। न इस पर खाद्य विभाग की ही नजर पहुंच रही हैं और न इस ओर स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की ही नजर दौड़ रही है। वही कारोबारी त्यौहार नकली खोवा से बनी मिठाइयां परोस रहे हैं। सावन के पावन महीने में पड़ने वाले रक्षाबंधन के अवसर पर मिठाइयों का मांग बढ़ जाता है , ऐसे अवसर का लाभ उठाकर दुकानदार रेडिमेड मिठाई खुले में धडल्ले से बेच रहे । जिससे तमाम तरह की बीमारियों का होने का अंदेशा बना हुआ है। सूत्रों की माने तो सप्ताह भर बनी पुरानी मिठाई भी बेची जा रही है ।इनका कोई एक्सपायरी निश्चित नहीं है।खाद्य व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि सभी छोटी बड़ी दुकानों की जांच कर लोगो के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले दुकानदारों के ऊपर कार्यवाही करे । सभी हाथ से निर्मित मिठाईयां का एक्सपायरी तिथि संबंधित विभाग निश्चित करें, साथ ही विभिन्न अवसरों पर सड़क किनारे खुले में बिक रहे मिठाई पर भी रोक लगे।

## चिरईगांव ब्लाक के नरायनपुर ग्राम पंचायत के सचिव ने अपने ही प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप, उच्च अधिकारियों से की शिकायत

### साधन सहकारी समिति के छत निर्माण में घटिया सामग्री व ग्राम सभा में लगे इंटरलॉकिंग को उखाड़ने का लगाया आरोप

प्रखर चिरईगांव वाराणसी। आम तौर पर ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों में अनियमितता या घोटाले की शिकायत वहां के ग्रामीण अथवा जन प्रतिनिधि करते हैं लेकिन चिरईगांव विकास खण्ड में एक ऐसा भी प्रकरण सामने आया है जब ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों में ग्राम प्रधान द्वारा अनियमितता की शिकायत ग्राम पंचायत सचिव ने स्वयं उच्चाधिकारियों से करते हुए स्वयं को वहां से हटाये जाने की मांग की है। स्थानीय विकास खण्ड के ग्राम पंचायत नरायनपुर मे तैनात ग्राम विकास अधिकारी /ग्राम पंचायत सचिव शैलेन्द्र कुमार सोनकर ने ग्राम प्रधान सेवक यादव पर शासन के निदेर्शों के विपरित कार्य करने व सरकारी धन का गलत भुगतान कराने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। पंचायत सचिव ने डीपीआरओ को लिखे शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि गांव में स्थित साधन सहकारी समिति के भवन की छत मे पुराने एवं घटिया मैटेरियल का प्रयोग ग्राम प्रधान द्वारा किया गया है ऐसे में साधन सहकारी समिति का छत एक दम कमजोर है जो कभी भी धराशायी हो सकता है।पंचायत सचिव का कहना है कि ग्राम प्रधान शासन के प्राथमिकता वाले एसएलडब्ल्यूएम से सम्बन्धित कार्यों की अनदेखी कर बिना प्रस्ताव के खंडंजा, इण्टरलाकिंग व हैण्ड पम्प की बोरिंग दिखा कर गलत ढंग से भुगतान करना चाहते हैं। ग्राम पंचायत सचिव ने नारायनपुर ग्राम पंचायत में कराये गये विकास कार्यों की जांच कराने के साथ ही स्वयं को नारायनपुर से हटाये जाने की मांग करते हुए लिखा है कि अब ऐसे ग्राम प्रधान के साथ कार्य कर पाना मेरे लिए संभव नहीं है। हालांकि ग्राम पंचायत सचिव ने उक्त प्रकरण की लिखित शिकायत बीते 19 अगस्त को खण्ड विकास अधिकारी एवं एडीओ पंचायत से भी कई थी। लेकिन उक्त अधिकारियों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी। तो ग्राम पंचायत सचिव ने उक्त प्रकरण की शिकायत डीपीआरओ से करते हुए उचित कार्रवाई करने की मांग की है। इधर ग्रामीणों में भी प्रधान द्वारा किया गया भ्रष्टाचार चर्चा विषय बना हुआ है । उक्त शिकायत के क्रम में ग्राम प्रधान से बात की गई तो उन्होंने बताया की शिकायत के विषय में मुझे ज्यादा जानकारी नहीं है। अगर उनके द्वारा या किसी ने शिकायत की है तो अधिकारी या फिर जेई आदि लोग आकर जांच करेंगे कि कार्य में प्रयोग सामग्री घटिया है कि नहीं। सभी कार्य का वीडियो बनाया गया है, जब से कार्य हो रहा है तब से लेकर अब तक का। अभी तक कोई अधिकारी जांच करने नहीं आया है। लेकिन आगे आने वाले हैं। शिकायत के एवज में ग्राम पंचायत के सेक्रेटरी को कई बार फोन लगाने के बाद उनका फोन नहीं उठाया।



## वर्त्तमान में तोरिया की खेती जनपद के किसानों के लिए वरदान : कृषि वैज्ञानिक

प्रखर गाजीपुर। जनपद में औसत लगभग 25 से 30 प्रतिशत से कम बारिस होने से जहाँ धान की रोपाई पिछड़ी अथवा विलम्ब से हुई है जिसके कारण इसके उत्पादन पर बुरा असर पड़ेगा और किसानों के लागत की भरपाई भी हो पाना मुश्किल है ऐसी दशा कृषि विज्ञान केंद्र आंकुशपुर गाजीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ आर. सी. वर्मा ने जनपद के किसानों को तोरिया या लाही की खेती कैच क्राप में खरीफ एवं रबी के मध्य कर अतिरिक्त लाभ अर्जित करने की सलाह दिया` तोरिया अथवा लाही की फसल 75 से 90 दिनों में तैयार हो जाती है जिसके बाद रबी की खेती समय से किया जा सकता है` कृषि विज्ञान केंद्र आंकुशपुर गाजीपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जे. पी. सिंह ने कहा कि वर्तमान समय तोरिया / लाही की बुवाई के लिए अनुकूल एवं सही है (सितम्बर का प्रथम सप्ताह), इस समय खेतों में पर्याप्त नमी की उपलब्धता है जिससे फसल का जमाव अच्छे प्रकार से होगा` कृषि विज्ञान केंद्र आंकुशपुर गाजीपुर बीज उत्पादन वैज्ञानिक डॉ नरेन्द्र प्रताप ने तोरिया/ लाही की प्रजातियों के बारे में बताते हुए कहा की इनकी कुछ जैसे भवानी, पी.टी. 303, तपेस्वरी, टी.के. 06-01 इत्यादि प्रजातियाँ जोकि 75 से 90 दिनों में तैयार हो जाती है एवं लगभग 10 से 15 कुंतल प्रति हेक्टेयर उपज देती है साथ ही इनसे 30 से 35 प्रतिशत खाद्य तेल प्राप्त होता है जिससे हमारी खाद्य तेल के लिए सरसों पर निर्भरता कम होगी तोरिया खेती से फसल सघनता, फसल चक्र में सुधार, फसल उत्पादन में वृद्धि से किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होता है` तोरिया की कटाई नवम्बर तक होने पर रबी में गेहूँ की फसल समय पर ले सकेंगे` उक्त विषय पर चर्चा केंद्र द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में किसानो को बताई गयी।



# विश्व हिंदू परिषद का धर्म रक्षा सूत्र कार्यक्रम 1 सितंबर को

### बजरंग दल की ऐतिहासिक शौर्य यात्रा को सफल बनाने के लिए भी होगी विस्तृत चर्चा

प्रखर आजमगढ। विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल आर्यमगढ़ विभाग की बैठक एवं धर्म रक्षा सूत्र बंधन कार्यक्रम बड़ा गणेश मंदिर आजमगढ़ नगर में मनाएगा। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद गोरक्ष प्रांत के प्रांत मंत्री नागेंद्र एवं गोरक्ष प्रांत के बजरंग बजरंग दल की प्रांत संयोजक पूर्णेन्दु मौजूद रहेंगे। बतादे कि उक्त बैठक को प्रांत मंत्री नागेंद्र एवं प्रांत संयोजक बजरंग दल पूर्णेन्दु संबोधित करेंगे। उक्त कार्यक्रम के मध्य नजर संयुक्त विभाग संगठन मंत्री, विश्व हिंदू परिषद दिव्यांशु ने बताया की इस बैठक एवं कार्यक्रम में आर्यमगढ़ विभाग के तीनों जिले आर्यमगढ़ लालगंज तथा फूलपुर के ग्राम स्तर, न्याय पंचायत स्तर, ब्लॉक स्तर, जिला स्तर एवं जिला में निवास करने वाले सभी ऊपर के पदाधिकारी एवं साथ ही साथ सभी स्तर पर नए हिंदुत्ववादी बंधु जो संगठन से जुड़कर हिंदू हित और राष्ट्रहित का कार्य करना चाहते हैं अथवा करेंगे ऐसे सभी पदाधिकारी एवं अन्य बंधुओं को इस बैठक एवं कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। साथ ही यह भी कहा कि इस अवसर विश्व हिंदू परिषद का "स्थापना दिवस" जो की अपने स्थापना के दिन 7 सितंबर से लेकर 21 सितंबर 2023 तक ग्राम, न्याय पंचायत, प्रखंड़ तथा जिला केंद्र स्तर पर मनाया जाएगा, के विषय पर विस्तार से चर्चा होगी एवं योजना बनाई जाएगी। विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल के द्वारा "ऐतिहासिक शौर्य यात्रा" 30 सितंबर 2023 को गोरक्ष प्रांत के हरैया जिले के मखौड़ा धाम नामक स्थल से निकाली जाएगी। उन्होंने कहा कि इसी स्थान पर राजा दशरथ ने पुत्र प्राप्ति के लिए पुत्रेष्ठी यज्ञ किया था। यह स्थल वर्तमान में हरैया जिले में पड़ता है इस स्थल से 10 दिवसीय शौर्य जागरण यात्रा निकाली जाएगी, जो गोरक्ष प्रांत के अधिकतम जिलों में भ्रमण करते हुए काशी प्रांत में प्रवेश करेगी तथा इस यात्रा का समापन संपूणार्नंद विश्वविद्यालय में दिनांक 10 अक्टूबर 2023 को किया जाएगा। इस यात्रा की तैयारी के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गोरक्ष प्रांत ,अपने हर जिले में ब्लॉक स्तर न्याय पंचायत स्तर तथा ग्राम स्तर पर बड़े स्तर पर बैठक कर रहा है। इसी क्रम में आर्यमगढ़ विभाग एवं बलिया विभाग के अंतर्गत आने वाले सभी जिलों में ग्राम स्तर तक की बड़ी-बड़ी बैठकें ग्राम स्तर न्याय पंचायत स्तर प्रखंड स्तर जिला स्तर तक के कार्यकताओं के द्वारा वृहद रूप में आयोजित की जा रही हैं। आगे उन्होंने कहा कि इस यात्रा मुख्य मार्ग पर जगह-जगह हर जिलों में मंचीय संबोधन किए जाएंगे प्रमुख मार्गो एवं बाजारों में ॐ अंकित झंडियाँ सजी रहेगी, जगह-जगह यात्रा का स्वागत द्वार बनेगा यात्रा जिस जिस स्थल से भी गुजरेगी उसे यात्रा में जुड़ने के लिए 50 किलोमीटर तक की दूरी के गांवों के लोग बाइक से फोर व्हीलर से उप यात्रा निकालते हुए इस मुख्य यात्रा में अलग-अलग दिनों में सम्मिलित होंगे। रास्ते में समाज के सभी सम्मानित एवं प्रतिष्ठित व्यापारी एवं सामाजिक बंधु यात्रा के स्वागत प्रचार प्रसार के लिए अपने शुभकामनाएं संदेश लगाएंगे।

## काशी द्वार योजना को रद्द करने लिए किसान हुए एकजुट




प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा में प्रस्तावित काशी द्वार के विरोध में किसानों एकजुटता दिखाने के उद्देश्य से गुरुवार को रमईपुर में बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई और आंदोलन को अंत तक ले जाने का निर्णय लिया। गुरुवार को दोपहर बाद रमईपुर स्थित प्राचीन दुर्गा मन्दिर परिसर में हुई बैठक में सरकार द्वार प्रस्तावित काशी द्वार के लिए किसी भी कीमत पर जमीन न देने और काशी द्वार योजना को निरस्त करने की वकालत की। बैठक के दौरान प्रभावित आधा दर्जन गांवों के दर्जनों ग्रामीणों के उपस्थित में 2 सितंबर को तहसील पिंडरा में व्यापक धरना प्रदर्शन के रणनीति पर चर्चा की और आंदोलन को हिंसा रहित बनाने का संकल्प लिया। इस डॉ सुखदेव पटेल,बीरबल, सुनील, मुकेश, फतेहबहादुर , प्रेम कुमार, गोलू सिंह, प्यारेलाल, अजित पाठक, भरत पाठक, आशीष पटेल, भरत भुआल, मणिशंकर, संजय गोंड़,रामभरत यादव, कल्लू, अनिल कुमार, हिम्मतलाल व मोहम्मद अली समेत अनेक लोग रहे।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं